RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 तमन्ना भाटिया की फिल्म ओडेला...

वर्ष : 26 अंक : 302 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## फॉर्च्यूनर कार में जिंदा जलकर प्रोपर्टी डीलर की मौत

### गाजियाबाद के प्रोपर्टी डीलर की हत्या का शक, दो लोग हिरासत में



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में एक फॉर्च्यूनर में भीषण आग लग गई, जिसमें जलकर एक प्रोपर्टी डीलर की मौत हो गई। गाड़ी सड़क से करीब 100 मीटर अंदर की ओर मिली है, जिसकी वजह से कार में आग लगाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के परिजनों ने दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के कोट पुल नगला नैनसुख के पास एक फॉर्च्यूनर कार में भीषण आग लग गई। गाड़ी के अंदर बैठे युवक की आग में जलकर मौत हो गई। जब गाड़ी से आग की लपटें निकलीं तो स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर युवक को फॉर्च्यूनर से निकालने का प्रयास किया, लेकिन उसे बाहर नहीं निकाल पाए और उसकी मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### पांच लाख के लेन-देन में हत्या!

गाजियाबाद के नेहरूनगर थर्ड 108 नंबर मकान में रहने वाले संजय यादव का शव उनकी ही ब्लैक फॉर्च्यूनर में जली अवस्था में ग्रेटर नोएडा के कोर्ट पुल के पास से नगला नैनसुख गांव से बरामद हुआ है। पुलिस जब वहां पहुंची तो कार में आग लगी हुई थी। इसके वीडियो भी सामने आए हैं। गाजियाबाद निवासी संजय यादव की हत्या की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि संजय की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। उन्होंने बताया कि हत्या की वजह 500000 का लेनदेन है, जो कि संजय ने आरोपियों को उधार दे रखे थे। यही नहीं आरोपियों ने संजय की हत्या करने के बाद उनके कीमती आभूषण भी निकाल लिए थे।

## प्रियंका गांधी ने वायनाड से भरा नामांकन



**वायनाड (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन का पर्चा भरा। इस दौरान उसके साथ स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। पर्चा भरने के बाद उन्होंने एक रोड-शो किया। इस रोड-शो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी मौजूद हैं। वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को वोटिंग होगी। प्रियंका गांधी पहली बार कोई चुनाव लड़ रही हैं।

बता दें कि वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए जहां कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनावी मैदान में उतारा है तो वहीं भाजपा ने

### रोड शो करके कांग्रेस ने दिखाई ताकत

नव्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया। नव्या ने पहले ही कांग्रेस को कड़े मुकाबले की चुनौती दे चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि आगामी उपचुनाव में प्रियंका गांधी को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। वायनाड लोकसभा सीट कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा छोड़े जाने के बाद खाली हुई है जिस पर उपचुनाव हो रहे हैं।

## हरियाणा-पंजाब पराली जलाने से रोकने में फेल

### सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार द्वारा पराली जलाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने पर कड़ी आपत्ति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ये सरकारें वाकई कानून लागू करने में दिलचस्पी रखती हैं तो कम से कम एक मुकदमा तो होना ही चाहिए। वहीं सुप्रीम कोर्ट में कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने हलफनामा दिया कि पंजाब और हरियाणा की सरकार



पराली जलाने से किसानों को रोकने में नाकाम साबित हुई हैं। सीएक्यूएम ने बताया कि हरियाणा में पराली जलाने की 601 तथा पंजाब में 1289 घटनाएं हुई हैं। प्रदूषण पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव से कहा कि करीब 1080 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन आपने सिर्फ 473 लोगों से मामूली जुर्माना वसूला है। आप 600 या उससे ज्यादा लोगों को छोड़ रहे हैं। हम आपको साफ-साफ बता दें कि आप उल्लंघनकर्ताओं (शेष पृष्ठ-3 पर)

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

## कैंटर में घुसी तेज रफ्तार कार, पति-पत्नी की मौत, कार में फंसा बेटा

**मथुरा (एजेंसी)।** नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन 75 के समीप आज सुबह 7:30 बजे नोएडा से आगरा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार खड़े कैंटर में घुस गई। हादसे में दंपती की मृत्यु हो गई। जबकि बेटा स्टेरिंग में फंस गया। पुलिस ने रेस्क्यू करके कटर की मदद से पौन घंटे में घायल युवक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर आज सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। बाजना कट चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि गुरुग्राम निवासी गोपीनाथ अपनी पत्नी व पुत्र के साथ निजी कार्य से लखनऊ जा रहे थे। नौहझील थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 75 के समीप खड़े आइसर कैंटर में पीछे से तेज रफ्तार कार जा घुसी। इसमें गोपीनाथ और उनकी पत्नी उर्मिला देवी की मौके पर




ही मृत्यु हो गई। उनका पुत्र आशीष कुमार गंभीर घायल हो गया है। दुर्घटना के बाद आशीष कुमार कार में फंस गया। पुलिस ने कार को काटकर कई घंटे की मशक्कत के बाद आशीष को कार से निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

## लैपटॉप व मोबाइल वालों को एनएमआरसी ने दिया तोहफा!

### अब हर स्टेशन पर किराये पर मिलेगा पॉवर बैंक



डा. लोकेश एम ने किया ए-3 चार्ज सर्विस का शुभारंभ

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच चलने वाली नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) की एक्वा मेट्रो के हर स्टेशन पर आज से मोबाइल, लैपटॉप चार्ज करने के लिए किराये पर पॉवर बैंक की सुविधा मिल सकेगी। आज एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक (शेष पृष्ठ-3 पर)

### देबू कंपनी का सील दरवाजा चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** वन विभाग द्वारा सील किया गया देबू मोटर्स कंपनी का मुख्य द्वार चोरी हो गया। इस द्वार पर वन विभाग द्वारा पूर्व में सील लगाई गई थी। इस संबंध में वन दरोगा ने थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया है। दादरी रेंज के वन दरोगा राम अवतार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि देबू मोटर्स कंपनी में बगैर वन विभाग की अनुमति के हरे पेड़ काटे जा रहे थे। इसलिए वन विभाग के अधिकारियों ने राजस्व विभाग, यूपीसीडा व स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कंपनी के मुख्य द्वार पर सील लगा दी थी। मुख्य द्वार बंद होने के कारण यहां से आवागमन बंद हो गया था। पेड़ों की चोरी ना हो सके इसके लिए यहां दो गार्ड भी रखे गए थे। 21 सितंबर को कंपनी के यूनियन लीडर उपेंद्र हरि ने बताया कि कंपनी में सील किया गया मुख्य दरवाजा चोरी हो गया है। इस सूचना के आधार पर फील्ड ऑफिसर पवन सिंह द्वारा दो गार्ड भेजे गए थे। वन विभाग की टीम ने जब मौका मुआयना किया तो पता चला कि दीवार पर लगी लोहे की जाली व सील लगे हुए गेट चोरी हुए हैं। थाना ईकोटेक 3 प्रभारी ने बताया कि वन दरोगा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

### क्रेन ने बच्चे को कुचला, पिकअप की टक्कर से महिला की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर बेलगाम वाहनों की चपेट में आने से सवा साल के बच्चे व एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गए।



सेक्टर-117 निवासी प्रमोद पांडे ने थाना सेक्टर-39 में हाइड्रा क्रेन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चला कर दुर्घटना करने व उनके बेटे की मृत्यु करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रमोद पांडे ने बताया कि उनकी पत्नी अनीता तिवारी अपनी मेड पिंकी के साथ तीन वर्षीय बेटी अदविका व सवा साल के बेटे प्रतिष्ठित के साथ सेक्टर 104 के बाजार से खरीदारी कर वापस घर आ रही थी। रोड पार करते समय हाजीपुर की तरफ से तेज गति में आ रही हाइड्रा क्रेन के चालक ने उनकी पत्नी व बच्चों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक क्रेन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इस हादसे में उनकी पत्नी व बेटा प्रतिष्ठित गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। उपचार के दौरान उनके बेटे की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है।

इसी थाना क्षेत्र के छलेरा रोड पर पिकअप की टक्कर लगने से महिला की मौत हो गई। खजूर कॉलोनी सेक्टर 45 निवासी अभिषेक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 अक्टूबर को उनकी मां सुशीला देवी आम्रपाली सोसाइटी से काम करके घर वापस आ रही थी। छलेरा रोड पर पैदल जा रही उसकी मां को तेज गति में आ रही पिकअप गाड़ी के चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी मां सुशीला देवी (शेष पृष्ठ-3 पर)

### दो युवकों से लूटा मोबाइल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर बाइक सवार बदमाशों ने दो लोगों से मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी में रहने वाले प्रभात कुमार शर्मा ने थाना बिसरख में मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभात कुमार शर्मा का कहना है कि वह शाम के समय गौर सिटी स्थित दादा-दादी पार्क के पास से जा रहा था। इस दौरान पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उससे मोबाइल फोन लूट लिया। उसने बदमाशों का विरोध करने का प्रयास किया लेकिन वह हाथापाई करने के बाद बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश ने एक युवक से मोबाइल फोन छीन लिया। सेक्टर-12 के वी ब्लॉक में रहने वाले रोहित परमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 8 सितंबर की सुबह करीब 4:30 बजे अपने ऑफिस से घर लौट रहा था। सेक्टर-57 स्थित नेक्सा सर्विस मोटर क्राफ्ट के पास बाइक सवार ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर से लापता हुई किशोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के पुराने अलीवर्दीपुर गांव से एक किशोरी को दो युवक बहला फुसलाकर भगा ले गए। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मूल रूप से बिहार के रहने वाले फिरोज (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार के साथ हाल में पुराने अली वर्दीपुर गांव में रह रहा है। 18 सितंबर की दोपहर को उसकी (13 वर्षीय) बेटी घर से बिना बताए चली गई। शाम को जब वह घर लौटा तो उसकी बेटी लापता थी। उसने अपनी बेटी की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इस दौरान पता चला कि पड़ोस में रहने वाले बदरुद्दीन व फाजिल उसकी बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गए हैं। पीड़ित के मुताबिक जिस दिन से उसकी बेटी लापता हुई है उसी दिन से दोनों अपने घर से गायब हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी व आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 1400 करोड़ के स्मारक घोटाले से जुड़े हैं उप्र राज्य निर्माण निगम के तार

### राजवीर के अलावा अन्य सात अफसर भी ईडी की रडार पर

**नोएडा (चेतना मंच)।** अरबों रूपये के घोटाले तथा भ्रष्टाचार के मास्टर माइंड कहे जाने वाले नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह के खुलासे के बाद उप्र राज्य निर्माण निगम के अधिकारियों पर गाज गिरी है। मोहिंदर सिंह से प्रवर्तन निदेशालय की गहन पूछताछ में अब 1400 करोड़ रूपये के स्मारक घोटाले की परतें खुलने लगी हैं। जिसका परिणाम उप्र राज्य निर्माण निगम के अपर प्रबंधक राजवीर सिंह के ठिकानों पर विजिलेंस ने छापेमारी कर अकूत संपत्ति का पता लगाया है।

विजिलेंस लखनऊ की टीम ने नोएडा में राजवीर सिंह के चार



ठिकानों पर एक साथ रेड की। यहां से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। विजिलेंस की टीम आय से अधिक संपत्ति मामले में 31 मई 2019 से राजवीर सिंह की जांच कर रही है। पुख्ता सबूत हाथ (शेष पृष्ठ-3 पर)

#### बिना प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति कराए थे कई काम

घोटाले के समय मोहिन्दर सिंह नोएडा प्राधिकरण के सीईओ थे और उनके पास प्रमुख सचिव आवास पद की जिम्मेदारी भी थी। विजिलेंस की शुरुआती जांच में सामने आया था कि घोटाले के दौरान प्रमुख सचिव आवास के रूप में मोहिंदर सिंह ने बिना प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के कई कार्यों को किए जाने को मंजूरी दी थी। इसमें सीधे तौर पर कुछ नेताओं का हस्तक्षेप भी सामने आया था। जिनके कहने पर मोहिंदर सिंह ने स्वयं के स्तर से कई मामलों में सहमति दी थी।

### मकान से 3 लैपटॉप पर हाथ साफ

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-27 के एक मकान में रहने वाले तीन युवकों के लैपटॉप चोरी हो गए। घटना के समय युवक दरवाजा खोलकर सोए हुए थे। दरवाजा खुला देखकर चोरों ने उनके लैपटॉप पर हाथ साफ कर दिया। सेक्टर-27ए ब्लॉक में रहने वाले अंकुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह और उसके साथी शिवम, बॉबी 16 अक्टूबर की सुबह अपने कमरे में सो रहे थे। कुछ देर बाद जब वह उठे तो उन्हें कमरे में रखें तीन लैपटॉप व एक टैबलेट गायब मिला। उन्होंने आसपास अपने सामान की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा

फ़ोन .08750611103

## कश्मीर में लक्षित आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में गांदरबल मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का चुनाव-क्षेत्र है, जिसके गगनगीर इलाके में आतंकियों ने हमला कर एक डॉक्टर और 6 अन्य कर्मियों, मजदूरों की हत्या कर दी। यह भारत सरकार, संघशासित क्षेत्र की सरकार के लिए पहली, गंभीर चुनौती है। आतंकवाद अपनी समग्रता में ही 'राष्ट्रीय चुनौती' रहा है। हालांकि आज वह आतंकवाद नहीं है, जब एक दौर में 1508 नागरिकों और 883 जांबाज जवानों को मार दिया गया था। तब एक दौर में 2800 से अधिक आतंकी हमले हुए थे। आतंकवादी भी व्यापक स्तर पर ढेर किए गए। यकीनन हमारे सुरक्षाकर्मियों और रणनीतियों ने आतंकवाद के घुटने तोड़े हैं, लेकिन गगनगीर के हमले ने हमें चिंतित कर सोचने को बाध्य कर दिया है। दरअसल कश्मीर का 'नूर' और 'जन्नत' उसी दिन लौटेंगे, जब लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे पाकपरस्त आतंकी संगठनों के स्थानीय गिरोह और मॉड्यूल बनना और आतंकी साजिशों में शामिल होना बंद कर देंगे। आतंक के स्थानीय मददगार आज भी जिंदा हैं और कश्मीरियत के बीच ही बसे हैं। पैसे ने 'नए जयचंद' भी पैदा कर दिए हैं। चूंकि 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है, लिहाजा साफ है कि स्थानीय मददगार आतंकियों के साथ हैं। सरकार ने टीआरएफ को 'आतंकी संगठन' करार दिया है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में वह लश्कर का मुखौटा संगठन है। हमले का मास्टरमाइंड सरगना शेख सज्जाद गुल बताया गया है और वह पाकिस्तान में मौजूद है, लिहाजा साफ है कि लश्कर आज भी कश्मीर में आतंकवाद मचा रहा है। 'स्थानीय जयचंदों' को कुचला क्यों नहीं जा सकता, यह एक सहज सवाल है। बेशक आतंकवाद से जुड़े आंकड़े बहुत कम हुए हैं, लेकिन तीन सालों के दौरान 22 लक्षित हत्याएं फिर भी की गई हैं। इनमें 16 बाहरी, गैर-कश्मीरी, एक कश्मीरी पंडित और 3 अन्य स्थानीय लोगों को मारा गया है। इतने परिवार बर्बाद हुए। जिंदगियां बिखर कर रह गईं। 2024 में अभी तक 12 लोग लक्षित आतंकवाद के शिकार हो चुके हैं। यह आतंकवाद की ऐसी रणनीति है कि हमले के निशाने तय कर लिए जाते हैं, बाकायदा रेकी की जाती है और फिर एक दिन उन निशानों (या लक्ष्यों) पर हमला बोल दिया जाता है। सभी मृतक एक सुरंग के निर्माण-कार्य में लगे थे। एकमात्र डॉ. शाहनवाज डार को मजदूरों, कर्मियों की सेहत की देखभाल को कुछ ही दिन पहले नियुक्त किया गया था। लक्षित आतंकवाद ने किसी को भी नहीं छोड़ा। जिनकी हत्या कर दी गई, उनमें जम्मू-कश्मीर के अलावा पंजाब और बिहार आदि राज्यों के नागरिक भी थे। ऐसा भी लगता है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण और विस्तार भी आतंकियों की आंखों में चुभते हैं, लिहाजा वे भी निशाने पर हैं। गांदरबल हमले को भी जोड़ लें, तब भी इस साल कश्मीर की 48 घटनाओं में कुल 102 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 52 आतंकी भी शामिल हैं। लक्षित आतंकवाद कोई नई प्रवृत्ति नहीं है। बहरहाल इस आतंकी हमले ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला के अंतर्मन को इस कदर झकझोरा है कि वह पाकिस्तान पर ही उबल पड़े और बार-बार कहा कि कश्मीर कभी भी पाकिस्तान नहीं बनेगा, नहीं बनेगा। यदि पाकिस्तान हमसे दोस्ताना रिश्ते चाहता है, तो यह दरिंदगी बंद करनी पड़ेगी। फारूक को अभी तक 'पाकपरस्त मानसिकता' का राजनेता माना जाता रहा है। अब वह बदले नजर आ रहे हैं, तो शायद इसलिए कि संघशासित क्षेत्र में सरकार उनकी पार्टी की है और उनका बेटा मुख्यमंत्री है। बहरहाल इससे न तो पाकिस्तान बदलेगा और न ही लक्षित आतंकवाद नेस्तनाबूद होगा। अलबत्ता आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई पुख्ता और निरंतर हो सकती है। यह अच्छा है कि सरकार आतंकवाद से प्रभावित परिवारों के प्रति बेहद संवेदनशील है, लेकिन सभी मुआवजे, नौकरी, पैसा अपर्याप्त हैं, क्योंकि परिवार किसी के चले जाने के बाद बर्बाद हो जाता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( और कहा- ) हे मुनिवर! आप त्रिकालज्ञ और सर्वज्ञ हैं, आपकी सर्वत्र पहुँच है। अतः आप हृदय में विचार कर कन्या के दोष-गुण कहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कह मुनि बिहसि गूढ़ मृदु बानी। सुता तुम्हारि सकल गुन खानी॥**
**सुंदर सहज सुसील सयानी। नाम उमा अंबिका भवानी॥**

नारद मुनि ने हँसकर रहस्ययुक्त कोमल वाणी से कहा- तुम्हारी कन्या सब गुणों की खान है। यह स्वभाव से ही सुंदर, सुशील और समझदार है। उमा, अम्बिका और भवानी इसके नाम हैं॥

**सब लच्छन संपन्न कुमारी। होइहि संतत पियहि पिआरी॥**
**सदा अचल एहि कर अहिवाता। एहि तें जसु पैहहिं पितु माता॥**

कन्या सब सुलक्षणों से सम्पन्न है, यह अपने पति को सदा प्यारी होगी। इसका सुहाग सदा अचल रहेगा और इससे इसके माता-पिता यश पावेंगे॥

**होइहि पूज्य सकल जग माहीं। एहि सेवत कछु दुर्लभ नाहीं॥**
**एहि कर नामु सुमिरि संसारा। त्रिय चढ़िहहिं पतिब्रत असिधारा॥**

यह सारे जगत में पूज्य होगी और इसकी सेवा करने से कुछ भी दुर्लभ न होगा। संसार में स्त्रियाँ इसका नाम स्मरण करके पतिव्रता रूपी तलवार की धार पर चढ़ जाएँगी॥

(क्रमशः..)

# आखिर कब तक थमेंगे जम्मू-कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले?

लीजिए, जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकवादी हमला हो गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। यह नृशंस वारदात किसकी शह पर हुई और किसकी नीतिगत लापरवाही से हुई, यह पुनः विमर्श का विषय है! क्योंकि हमारे देश में ऐसी घटनाएं आए दिन की बात हो चली हैं और राष्ट्र के किसी न किसी हिस्से में घटित होती रहती हैं। आखिर इस घटना के क्या मायने हैं, इस पर विचार करने से पहले एक सुलगता हुआ सवाल मेरे मनमस्तिष्क में कौंध रहा है कि आखिरकार खूनी होते जा रहे लोकतंत्र और इसको संरक्षित करने वाले संवैधानिक तंत्र के पास ऐसी वहशी वारदातों को रोकने के लिए अबतक कोई स्थायी मूलमंत्र क्यों नहीं मिला है

आखिर कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके! यदि नहीं, तो क्यों नहीं आम जनता को जवाब चाहिए। क्योंकि इस बद से बदतर स्थिति के लिए हमारी राजनीति और उसके इशारे पर थिरकने वाला प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार अवश्य है। बस इसके न्यायसंगत पड़ताल की जरूरत है, जो बीते कई दशकों से नहीं हो पा रही है!

उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकियों ने एक और कायराना हमला करते हुए 7 मेहनतकश लोगों की उस वक्त जान ले ली, जब वो खाना खाने के लिए मेस में बैठे हुए थे। इस आतंकी वारदात में मरने वालों में एक स्थानीय डॉक्टर और टनल निर्माण में लगे 6 कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनमें से 5 लोग बाहरी राज्यों से थे। उनमें 2 अधिकारी वर्ग के और 3 श्रमिक वर्ग के थे। वहीं, इस नृशंस हमले में 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह हमला सोनमर्ग इलाके में हुआ और घटना के बाद सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए आतंकी हमले में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। यह हमला रात करीब 8ः30 बजे हुआ, जब सभी कर्मचारी खाना खाने के लिए मेस में एकत्र हुए थे। चश्मदीदों के मुताबिक, जब कर्मचारी मेस में भोजन कर रहे थे, तभी 3 आतंकी वहां पहुंचे और अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इससे पहले कि कोई प्रतिक्रिया कर पाता, आतंकी हमला करके वहां से फरार हो गए। इस गोलीबारी में दो वाहन भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। खबरों के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (ञ्ञ्ज्ञ्) ने ली है। जिसकी अविलंब कमर तोड़ देनी चाहिए।

मसलन, प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिन श्रमिकों पर हमला हुआ, वे जेड मोड़ सुरंग परियोजना में काम कर रहे थे, जो गगनगीर घाटी को सोनमर्ग से जोड़ने वाली एक सुरंग है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश की एप्को नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते वहां तेजी से काम चल रहा था।

सवाल है कि जब धारा 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हाल ही में नई सरकार का गठन हुआ है और नेशनल कांफ्रेंस के चीफ उमर अब्दुल्ला ने घाटी में सरकार बनाई है, तब यह बड़ा सवाल है कि आखिर में आतंकियों के असल निशाने पर क्या था क्योंकि नई सरकार बनने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहली आतंकी वारदात हुई है। वहीं, दूसरा सवाल यह है कि क्या आतंकियों के निशाने पर घाटी के विकास कार्यों को रोकना है यदि ऐसा है तो यह बेहद खौफनाक है। मेरा स्पष्ट मानना है कि घाटी के विकास को परवान चढ़ा रहे मजदूरों को निशाना बनाकर आतंकियों ने बड़ी कायरता और मूर्खता का परिचय दिया है।

सवाल है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद यह पहला ऐसा मौका है जब विकास की परियोजना पर आतंकियों ने सीधे हमला किया है। जिस टनल के लिए यह मजदूर काम कर रहे थे वो भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है। इस साल



**आखिर कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके!**

कश्मीर में टीआरएफ का ये पहला बड़ा हमला है। इससे पहले इस साल जम्मू में इस संगठन ने आतंकी हमले को अंजाम दिया। भले ही केंद्रीय गृह सचिव ने इस आतंकी हमले की जानकारी जम्मू कश्मीर डीजीपी से ली और आतंकियों के खिलाफ चल रहे काउंटर ऑपरेशन का भी ब्योरा लिया।

जानकारों का कहना है कि इस साल जितने भी बड़े आतंकी हमले हुए हैं, वह जम्मू में हुए हैं। लेकिन यह पहली बार है जब कश्मीर में इस साल इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है।

वहीं, पहली बार ऐसा हुआ है कि स्थानीय (लोकल) और बाहरी (नॉन लोकल) दोनों को टारगेट किया गया है। इससे साफ है कि विकास परियोजनाओं में शामिल लोगों के हौसले को पस्त करने की खौफनाक रणनीति अब आतंकी संगठन भी अपना रहे हैं, जिसका मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। क्योंकि गांदरबल में जिस टनल के पास यह आतंकी हमला हुआ है, वह आल वेदर रोड है, जिसका निर्माण पिछले कुछ सालों से चल रहा है। यह रोड़ सीधे गांदेरबल से सोनमर्ग और वहां से लेह को कनेक्ट करता है।

एक सुलगता हुआ सवाल यह भी है कि जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार के गठन के महज चार दिनों के बाद ही आतंकवादियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के ही विधानसभा क्षेत्र गांदरबल में इतना बड़ा आतंकी हमला क्यों बोला है और इसके जरिए आतंकियों ने क्या संदेश देने की जुर्रत की है। क्योंकि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नतीजे के ऐलान और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के मात्र चार दिनों के अंदर आतंकियों ने गांदरबल में आतंकी हमला बोला है। जहां उन्होंने गुंड इलाके में सुरंग के निर्माण पर काम कर रही एक निजी कंपनी के लोगों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई।

दरअसल, यह आतंकी हमला सियासी रूप से भी काफी अहम है। क्योंकि जिस इलाके में यह हमला हुआ है, वह सीएम उमर अब्दुल्ला के विधानसभा क्षेत्र गांदरबल के अधीन आता है और यहां से उमर अब्दुल्ला ने जीत हासिल की है। विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला की पार्टी ने बहुमत हासिल कर सरकार का गठन किया है। क्या 370 की बहाली पर चुप्पी साधकर और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलवाए जानें की सीएम उमर की रणनीति से आतंकवादी नाखुश हैं, क्योंकि जम्मूकश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के उमर कैबिनेट के प्रस्ताव को अब रु की मंजूरी का इंतजार है, जो देर-सबेर मिल ही जाएगी।

समझा जा रहा है कि चूंकि जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन के बाद उमर अब्दुल्ला लगातार जम्मू-कश्मीर के लोगों की बात कर रहे हैं। उन्होंने लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का वादा किया है। वो जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों को साथ लेकर चलने की बात कर रहे हैं। साथ ही वह कश्मीर से विस्थापित हुए पंडितों की बात कर रहे हैं। इसलिए आतंकी आका उनकी इस नई चाल से परेशान हैं। जम्मू कश्मीर की सरकार के गठन के बाद कैबिनेट ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव भी पारित किया है और उसे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंजूरी भी दे दी है। इस तरह से पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अब इस पर केंद्र सरकार को फैसला लेना है और लोकसभा और राज्यसभा में संशोधन विधेयक लाकर इसको अमलीजामा पहनाना बाकी है। केंद्र सरकार पहले ही पूर्ण राज्य के दर्जे की बात कह चुकी है।

वहीं, उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में शांति-अमल और विकास की बात कर रहे हैं, जिससे आतंकी बखौलाए हुए हैं। पहले जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुए और लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया है, और अब सरकार भी बन गई है, इससे आतंकियों के मंसूबे ध्वस्त होते दिख रहे हैं और आतंकी इसी बौखलाहट में ताजा हमला किया है। उनकी मंशा साफ है कि वे सिर्फ दहशत पैदा करना चाहते हैं। इसलिए इस हमले की सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ हैं। समझा जा रहा है कि दूसरे राज्यों से आकर काम करने वाले, कश्मीरी पंडित और गैर मुस्लिम, सरकारी कर्मचारी और सेना के अधिकारी और गैर मुस्लिम आतंकियों के निशाने पर हैं और वे टारगेट किलिंग कर दहशत फैलाना चाहते हैं। अपनी इसी फितरत से आतंकी लगातार जम्मू-कश्मीर में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और चुनकर लोगों को मार रहे हैं।

इससे पहले भी 16 अक्टूबर को शोपियां में एक युवक को आतंकियों ने गोली मार दी थी। वो लगातार गैर-कश्मीरी को निशाना बना रहे हैं। गत 22 अक्टूबर 2023 को आतंकियों ने राजौरी में एक घर पर फायरिंग कर 40 साल के मोहम्मद रज्जाक की हत्या कर दी थी। मृतक कुंडा टोपे शाहदरा शरीफ का निवासी था। मोहम्मद रज्जाक का भाई सेना में काम करता है। 19 साल पहले आतंकियों ने रज्जाक के पिता की हत्या कर दी थी। वे वेलफेयर डिपार्टमेंट में कार्यरत थे और रज्जाक को पिता की जगह नौकरी मिली थी।

इसी तरह से आतंकियों ने अप्रैल 24 में ही शोपियां जिले के पदपावन में गैर कश्मीरी ड्राइवर परमजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी। दिल्ली के रहने वाले परमजीत पर आतंकियों ने उस समय हमला बोला था, जब वह ड्यूटी पर तैनात थे। अप्रैल 24 में ही आतंकियों ने बिहार के एक प्रवासी शंकर शाह की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इससे पहले फरवरी 24 में पंजाब के अमृतसर के दो युवकों अमृत पाल (31 वर्ष) और रोहित मसीह (25 वर्ष) को एके-47 राइफल से भून डाला था। हब्बा कदल इलाके में इस घटना को अंजाम दिया था।

यही वजह है कि इन आतंकी हमलों की चौतरफा निंदा भी हो रही है। खुद सीएम उमर अब्दुल्ला ने इस घटना की निंदा की है। वहीं, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले में प्रवासी मजदूरों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग के गगनगीर में निर्दोष मजदूरों पर हुए भयानक आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं, जो एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना में लगे हुए थे। उन्होंने शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि जम्मू-कश्मीर के गगनगीर में नागरिकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला कायरतापूर्ण घृणित कृत्य है। जिसमें शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें हमारे सुरक्षा बलों की ओर से कड़ी से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने हमले पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसी घटनाएं माहौल को खराब करेंगी। उन्होंने सरकार से निर्दोष मजदूरों पर इस तरह के क्रूर हमलों को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह भी किया।

इसलिए मेरा विचार है कि आतंकी, नक्सली और आपराधिक वारदातों में मारे जाने वाले शांतिप्रिय और मेहनतकश लोगों को भी अमर शहीद का दर्जा दिया जाए। क्योंकि हमारी संवैधानिक, राजनीतिक, प्रशासनिक और न्यायिक नीतियों की सामूहिक विफलता/खामियों से उतपन्न अराजक परिस्थितियों के ही शिकार तो लोग हो रहे हैं, जिनके परिजनों को भी अमर शहीदों की तरह सभी सुविधाएं प्राप्त करने का हक है।

चूंकि ये सभी भारतीय नागरिक हैं, इसलिए उन्हें ये सुविधाएं मिलनी चाहिए। बेहतर होगा कि इसके लिए देश के तमाम धर्मस्थलों और सरकारी मुलाजिमों पर अधिशेष करारोपण किया जाए और इसके वास्ते एक स्थायी कोष बनाया जाए। धर्मस्थलों को मिल रहे अकूत दान का उपयोग ऐसे ही नैतिक कार्य के लिए किया जाए, तो यह अच्छा है, ताकि जनचेतना को एक नया विस्तार मिले और जिम्मेदारी भाव पनपे। क्योंकि लोगों में मनोमस्तिष्क में निरन्तर यह सवाल कौंध रहा है कि आखिर कबतक थमेंगे जम्मू-कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले और यदि नहीं तो फिर सख्त उपाय क्यों नहीं अपनाते सरकारी मुलाजिम और उनके आका राजनेतागण जवाब दीजिए!

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

## राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन आनंदित रहेगा। प्रेम में लिप्त रहेंगे। संबंधों में लिप्त रहेंगे। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु स्वयं नतमस्तक होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर-नीचे रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
नव प्रेम का आगमन होगा। बच्चों की स्थिति में सुधार। प्रेम में बहुत अपनापन। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
लग्जरीपूर्ण जीवन रहेगा। भूमि, भवन वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। अपनों का साथ होगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। मन प्रफुल्लित रहेगा। अच्छे भोजन का रसास्वादन करेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
समाज में आपका कद बढ़ेगा। समाज में आप सराहे जाएंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता रहेगी लेकिन आभूषण, फैशन व जेवर इत्यादि में खर्चे होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति दूर-दूर तक पहुंचेंगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

# अधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया



**दादरी (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) संगठन के पदाधिकारी ने नगर पालिका परिषद दादरी जाकर नगर पालिका परिषद दादरी अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता को दुपट्टा पहनाकर व मोमेंट पेन डायरी देकर दादरी नगर पालिका का पदभार संभालने पर बधाई देते हुए नगर के विकास कार्य तथा अन्य समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

किसान नेता व तहसील अध्यक्ष राजकुमार रूपवास ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को बताया की नगर पालिका दादरी के अंतर्गत कई कालोनियां का गंदा पानी निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते कॉलोनिया का गंदा पानी रूपवास गांव के माजरे की तरफ जा रहा है। गंदे पानी का जल भराव काफी दूर तक फैल गया है। जिसके चलते गांव व आसपास मकान बनाकर रह रहे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी के जल भराव में अगर कोई जीव जंतु किसी कारण वस गिर जाए तो उसका निकालना मुश्किल हो जाता है। गंदे पानी के जल भराव के कारण गांव व आसपास के लोगों को अनेक बीमारियों का लगने का खतरा हमेशा बना रहता है।

किसान नेता राजकुमार रूपवास ने बताया की नगर पालिका अधिशासी दादरी शालिनी गुप्ता ने सभी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका परिषद दादरी अधिशासी अधिकारी ने किसान व अंबावता संगठन के लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा जो आप लोगों ने मुझे सम्मान दिया है मैं उस सम्मान को हमेशा याद रखूंगी।

इस मौके पर गीता नागर ग्रेटर नोएडा महानगर अध्यक्ष कपिल खारी जिला उपाध्यक्ष सरोज भाटी ग्रेटर नोएडा उपाध्यक्ष मनोज भाटी दादरी नगर अध्यक्ष अशोक भाटी पाली प्रदेश सचिव राजकुमार रूपवास दादरी तहसील अध्यक्ष रॉकिंदर नागर देवेंद्र नागर ब्लॉक सचिव आशु गुर्जर नोएडा महानगर अध्यक्ष ललित भाटी, संजीव मुकद्दम, अनिल प्रधान आदि पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया पंडित रविकांत मिश्रा का जन्मदिन





**नोएडा (चेतना मंच)।** जनशक्ति सेवा समिति के चेयरमैन तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पं. रविकांत मिश्रा का जन्मदिन धूमधाम से उनके सेक्टर-50 स्थित कार्यालय में मनाया गया।

इस दौरान उनके मित्रों, शुभचिंतकों तथा ब्राहमण समाज के पदाधिकारियों ने केक काटकर आपस में खिलाकर खुशी जताई तथा रवि मिश्रा को दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर ब्राहमण समाज के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, महामंत्री लोकेश त्रिपाठी, जनशक्ति सेवा समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र चौपड़ा, रामाज्ञा स्कूल के चेयरमैन संजय गुप्ता, एलपीएस ग्लोबल स्कूल के रामेन्द्र सिंह, जीडी गोयनका स्कूल से राजन ठाकुर, भाजपा नेता राजेश अवाना, वरिष्ठ पत्रकार एसएस अवस्थी, संजीव कौशिक, अजय भाटला, राजकुमार गर्ग समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## दलितों का हक छीन रही है भाजपा सरकार : मिठाईलाल भारती

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी बाबा साहेब वाहिनी की बैठक समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में समाजवादी बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाईलाल भारती मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महासचिव सुधीर तोमर ने किया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाईलाल भारती ने कहा कि भाजपा शासनकाल में दलित, वंचित, शोषित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग पर अत्याचार हो रहे है। भाजपा सरकार साजिश कर दलितों का हक छीन रही है। आज देश और प्रदेश में जातीय भेदभाव चरम सीमा पर है।

इस मौके पर मुख्य रुप से पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, सुनील देवटा, जिला महासचिव सुधीर तोमर, रामशरण नगर एडवोकेट, रोहित मत्ते गुर्जर, हुकम सिंह भारती विष्णु जाटव, सुरेंद्र नागर, कृष्णा चौहान, डॉक्टर शशी बाला यादव, जगबीर नंबरदार, अनीता चौहान, जुगती सिंह, सुदेश भाटी, गौरा जाटव, मोहित यादव, हैप्पी पंडित, जय यादव, मनोज शर्मा, विपिन सेन, दिगंबर गौतम, गजेंद्र यादव, हरवीर प्रधान, वीरपाल नागर, योगेश गौतम, प्राची यादव, हरेंद्र लाला, कुलदीप भाटी, प्रशांत भाटी, चौधरी हसरुद्दीन, देवेंद्र वर्मा, सरोज, मुकेशरी, महेश जाटव, मयंक गौतम, मुरारी लाल गौतम, रविंद्र प्रधान, खुशी यादव, सतीश गौतम, रुखसार, तरुण गौतम, मीना कुमारी, सोफिया, सुनील कुमार, नीरज, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।



# सभी धर्म के लोगों ने उठाया फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का फायदा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-50 शिया जामा मस्जिद में अंजुमन नासिराने अहलेबैत व फ्लेक्स हॉस्पिटल के द्वारा एक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कैंप में लगभग 163 लोगों ने जांच करवाई। इस कैंप में आए हुए सभी डॉक्टर ने कहा कि बहुत ही सफलता पूर्वक यह कैंप रहा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस कैंप में सभी धर्म के लोगों ने एक साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत बड़ी तादात में इस कैंप का हिस्सा बने।

अंजुमन के सदर एस ए आर जैदी ने इस कैंप के आयोजन व सभी वॉलंटर का शुक्रिया अदा किया। अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी कमर अब्बास आए हुए सभी डाक्टर व मेहमानों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि जल्दी इस तरह का कैंप दोबारा फिर लगाएंगे. बाद में सभी ने इस कैंप के आयोजक हसन मेहंदी नकवी साहब का शुक्रिया अदा किया।



# समाज, जीवन और कार्यस्थल में सतर्कता पर गोष्ठी

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** इफको फूलपुर इकाई में समाज, जीवन और कार्यस्थल में सतर्कता के आयाम विषय पर सतर्कता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन प्रशासनिक भवन के बोर्ड रूम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, (आईआरटीएस) उत्तर मध्य रेलवे द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सतर्कता हमें कार्यस्थल पर व्यवस्थित, मानक नियमों व पारदर्शी तरीके से कार्य करने की दिशा देता है। सतर्कता की भूमिका किसी भी व्यवस्था की शुचिता को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सतर्कता का प्रभाव हमारे कार्यस्थल के साथ साथ




समाज की व्यवस्था और जीवन शैली पर भी पड़ता है। किसी भी संस्था की प्रगति और विकास में निवारण सतर्कता निवारक बहुत महत्वपूर्ण होती है सतर्कता का यह आयाम हमें कार्य की लापरवाही के पूर्व सचेत करता है।

वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि इफको विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था है तथा इफको ने स्वत: पारदर्शी प्रकिया अपनायी है यहाँ पर भुगतान कैशलेश प्रक्रिया के तहत होता है तथा सभी श्रमिकों का पीएफ, कर्मचारी राज्य बीमा विनियम (ईएसआईसी) का पंजीकरण हमारे यहाँ है। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि सतर्कता विभाग का मुख्य कार्य सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता को बढ़ावा देना तथा अनैतिक,भ्रष्टाचार के प्रति कर्मचारियों व बच्चों में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के नेतृत्व में इफको लगातार तरक्की कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्निहोत्री तथा धन्यवाद ज्ञापन पी.के.वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय वैश्य, महाप्रबंधक ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक पी.के.पटेल, अनीता मिश्रा, अरूण कुमार, रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के.सिंह, ए.के. गुप्ता, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर तथा समस्त विभागाध्यक्ष व अनुभागाध्यक्ष कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**फॉर्च्यूनर कार में...**

जानकारी के मुताबिक युवक की पहचान संजय यादव के रूप में हुई है, जोकि प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। वह गाजियाबाद के नेहरूनगर का रहने वाला था। चूंकि फॉर्च्यूनर सड़क से 100 मीटर अंदर की ओर खड़ी हुई है, जिसकी वजह से संजय की हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, कार का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 14 जीसी 3609 है, और इसमें जले हुए शव की पहचान संजय यादव, निवासी नेहरू नगर, गाजियाबाद के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या की गई है और बाद में कार में आग लगाई गई। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल की जांच की गई है। संजय यादव के परिजनों ने बताया कि वह गाजियाबाद से साइट पर जाने के लिए निकला था।

मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में यह पता चला है कि ज्वेलरी के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था, जिसे लेकर संजय यादव की हत्या किए जाने की आशंका है।पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की गहनता से जांच कर रही है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**हरियाणा-पंजाब...**

को यह संकेत दे रहे हैं कि उनके खिलाफ कुछ नहीं किया जाएगा। यह पिछले तीन सालों से हो रहा है।

उधर दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को प्रदूषण का स्तर बेहद खराब दर्ज हुआ है। दिवाली से पहले है दिल्ली गैस चेंबर बनने की तरफ बढ़ रही है। हवा में धूल के कण और जहरीली गैसों की मात्रा भी बढ़ गई है। राजधानी में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' स्तर पर पहुंच गई है। सफर इंडिया के अनुसार एक्यूआई 349 पर पहुंच गया है। दिल्ली के स्थानीय लोगों ने कहा कि दिवाली से पहले इतना प्रदूषण है। लोग परेशान हैं और सरकार को कुछ उपाय करने चाहिए।

**क्रेन ने बच्चे को...**

गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और अपनी मां को सेक्टर 50 के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

**लैपटॉप व मोबाइल...**

डा. लोकेश एम ने सेक्टर-51 एनएमआरसी स्टेशन पर इस सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर एनएमआरसी के महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) पंकज कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल) उज्जवल कुमार, उप महाप्रबंधक (पीबी) तरूण मीणा, कंपनी सेक्रेट्री व पीआरओ निशा वधावन समेत एनएमआरसी के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

मालूम हो कि यह सुविधा एनएमआरसी के सभी स्टेशनों पर मिलेगी। इसके लिए लोग 50 रूपये प्रति दिन किराये पर स्टेशन से पॉवर बैंक ले सकते हैं तथा कहीं भी स्टेशन पर लगी मशीन पर जमा कर सकते हैं। एक दिन से लेकर एक वर्ष तक का किराया 50-100 रूपये तक लगेगा। हर मेट्रो स्टेशन पर तीन मशीनें लगाई गई है।। एक मशीन की क्षमता 24 पॉवर बैंक की है। इस पॉवर बैंक को मेट्रो स्टेशन के अलावा कहीं और चार्ज नहीं किया जा सकता है।

पॉवर बैंक लेने के पूर्व मेट्रो स्टेशन पर लगी मशीनों पर मोबाइल से स्कैन कर पॉवर बैंक लिया जा सकता है।

एनएमआरसी की कंपनी सेक्रेट्री व पीआरओ निशा वधावन ने बताया कि पॉवर बैंक के कई प्लॉन मौजूद हैं। 2 स्वैप के साथ दो दिन की वैधता वाला प्लान 50 रूपये, 5 स्वैप के साथ 7 दिन के लिए 99 रूपये, 30 स्वैप के साथ 30 दिन के प्लान लिए 199 रूपये तथा 900 स्वैप के साथ 1 वर्ष का प्लान 999 रूपये में उपलब्ध है।

**1400 करोड़ के स्मारक...**

लगने पर ही विजिलेंस लखनऊ ने मार्च 2024 को राजवीर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद पर रहते हुए 1,78,27,143 रुपये की आय अर्जित की, जबकि खर्च 2,67,32,462 रुपये का दर्ज किया गया। इस प्रकार उनके द्वारा 89,05,319 रुपये का अतिरिक्त खर्चा किया गया, जिसकी जानकारी नहीं मिल सकी। ये पैसा कहा से आया इसकी जांच अब परत दर परत की जा रही है। जिसमें कई अधिकारियों के नाम सामने आ सकते है। इसमें नोएडा प्राधिकरण और यूपीआरएनएन के अधिकारी शामिल हो सकते है। क्योंकि स्मारक निर्माण का काम यूपीआरएनएन ने किया जबकि निगरानी और बाउचर साइन की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण के पास थी।

साल 2007-2011 के दौरान उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और नोएडा में बनाए गए स्मारक और पार्कों के निर्माण और इस कार्य से जुड़े अन्य कार्यों में प्रयोग किए गए सैंडस्टोन की खरीद-फरोख्त में अरबों रुपये का घोटाला हुआ था। इन स्मारकों में अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल, गौतम बुद्ध उपवन, ईको गार्डन व नोएडा का राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल शामिल था।

इसके लिए 42 अरब 76 करोड़ 83 लाख 43 हजार का बजट आवंटित हुआ था। जिसमें 41 अरब 48 करोड़ 54 लाख 80 हजार की धनराशि खर्च की गई थी। लोकायुक्त की जांच में 1400 करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आया था। लोकायुक्त की जांच में सामने आया था कि नोएडा में स्मारक बनाने के लिए सिर्फ 84 करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए थे। जबकि निर्माण में करीब 1 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए। विजिलेंस टीम ने जांच शुरू करने के बाद एक जनवरी 2014 को पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा, नसीमुद्दीन सिद्दकी, सीपी सिंह, निर्माण निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और कई स्टेकहोल्डर पर एफआईआर दर्ज की थी।

**ईडी का शिकंजा कसने पर फिर तूल पकड़ा मामला**

नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह से ईडी ने जब पूछताछ की उसके आधार पर विजिलेंस टीम ने भी नोटिस जारी कर मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुलाया था। स्मारक घोटाले में करीब 8 घंटे तक पूछताछ के बाद तत्कालीन अधिकारियों के साथ 8 अधिकारियों के नाम मोहिंदर सिंह ने बताए थे। इसके बाद विजीलेंस टीम सक्रिय हुई और इसी का नतीजा है कि नोएडा में यूपीआरएनएन के अपर परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के आवास और कार्यालय सहित कई जगह छापेमारी की है।

# 'ग्रेटर नोएडा में लागू हो एकमुश्त समाधान योजना'

## उद्योग सहायक समिति की बैठक में उद्यमियों ने ओटीएस की उठाई मांग

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने उद्योग सहायक समिति की बैठक की, जिसमें नोएडा एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन, इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन, ईकोटेक-12 एसोसिएशन सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि व उद्यमी शामिल हुए। उद्यमियों ने इस बैठक में उद्योगों के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू करने की मांग की। इस पर एसीईओ ने सीईओ से वार्ता कर जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया। बैठक में उद्यमियों ने बताया कि पानी की सप्लाई न होने के बावजूद बिल भेजकर भुगतान मांगा जा रहा है। नो-ड्यूज जारी करने में अधिक समय लग रहा है। एसीईओ ने वित्त विभाग से इस मसले का शीघ्र हल निकालने के निर्देश दिए। एसीईओ ने उद्यमियों को बताया कि नो-ड्यूज, फंक्शनल सर्टिफिकेट, सीआईसी जैसी सेवाओं को और सरलीकृत करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने उद्योगों की समस्याओं को हल करने के लिए एसीईओ की अध्यक्षता में जल्द ही एक समिति बनाने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने बैठक में ट्रैफिक की समस्या, हैवी वाहनों की नो एंट्री की समयावधि घटाने आदि मांग भी रखी। वहीं, उद्यमियों ने उद्योगों की समस्याओं को शीघ्र हल किए जाने और कम समय में फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी करने पर सराहना भी की।

इंडस्ट्रियल एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने कहा कि विगत 6 माह में प्राधिकरण के उद्योग विभाग के कार्यों में काफी सुधार हुआ है। बड़ी संख्या में उद्योगों को फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं।

उद्यमी मित्र की तरफ से आयोजित इस बैठक में एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव के साथ प्राधिकरण से महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन सुधीर कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह आदि शामिल रहे, जबकि उद्यमियों की तरफ से नोएडा एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन, इंडस्ट्रियल एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, आईआईए से चंचल कुमार, ईकोटेक 12 एसोसिएशन से नरेश कुमार गुप्ता, सुनील दत्त, एसके शर्मा राकेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## एशिया के सबसे बड़े डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम में 1.75 लाख से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए

नई दिल्ली, एजेंसी। दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया एवं टेक्नोलॉजी फोरम- इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2024 का आठवां संस्करण अब तक की सबसे अधिक 1.75 लाख लोगों के प्रतिभाग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था जिसमें उन्होंने एथिकल एआई और डेटा की निजता के लिए वैश्विक मानकों की वकालत की थी और अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने पूरी दुनिया के लिए 6जी टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के मामले में भारत में मौजूद जबरदस्त अवसर को रेखांकित किया था। एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस पूरी दुनिया में उद्योग, सरकारों, अकादमिक क्षेत्र, स्टार्टअप्स और




टेक्नोलॉजी व दूरसंचार पारितंत्र में अन्य प्रमुख भागीदारों के लिए अनूठे सॉल्यूशंस, सेवाएं और अत्याधुनिक यूज केसेस प्रदर्शित करने का एक प्रख्यात प्लेटफॉर्म बन गया है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में 13 मंत्रालयों, 29 अकादमिक संस्थानों और 920 स्टार्टअप्स सहित 310 से अधिक साझीदारों और प्रदर्शकों की ओर से प्रतिभाग किया गया और इसमें 123 से अधिक देशों से प्रतिनिधि शामिल हुए। इस आयोजन में 750 एआई आधारित यूज़ केसेस सहित 900 से अधिक टेक्नोलॉजी यूज़ केसेस परिदृश्य प्रदर्शित किए गए और 186 से अधिक सत्रों की मेजबानी की गई जिसमें 820 से अधिक वैश्विक और भारतीय वक्ताओं ने हिस्सा लिया। आईएमसी 2024 के चार दिनों में इस फोरम ने संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डाक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी, सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डाक्टर एल. मुरुगन, दूरसंचार विभाग के सचिव डाक्टर नीरज मित्तल, ट्राई चेयरमैन श्री अनिल कुमार लाहोटी, आईटीयू की महासचिव दोरीन बोगदान-मार्टिन, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी, भारती एयरटेल के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला और कई अन्य गणमान्य हस्तियों का स्वागत किया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 की सफलता पर इंडिया मोबाइल कांग्रेस के सीईओ श्री रामकृष्ण पी. ने कहा, विभिन्न क्रांतिकारी नवप्रवर्तनों पर विचारों के आदान प्रदान के साथ आईएमसी 2024 का फोकस फ्यूजर इज नाउ'पर केंद्रित रहा जहां कई भावी टेक्नोलॉजीज़ पर सार्थक परिचर्चाएं हुईं।

## एसएमपीपी लि. ने 4000 करोड़ तक के आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस

मुंबई, एजेंसी। एसएमपीपी लिमिटेड, जो गोला-बारूद के पुर्जे, व्यक्तिगत सुरक्षा उत्पाद और भूमि, वायु और समुद्री प्लेटफॉर्म के लिए सुरक्षा किट सहित रक्षा उपकरणों से संबन्धित एक भारतीय डिजाइनर और निर्माता कंपनी है, ने बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 40000 मिलियन (4000 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक अंकित मूल्य 2) के जरिये धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में 5800 मिलियन (580 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (फ्रेश इश्यू) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 34200 मिलियन (3420 करोड़) तक का ऑफर फॉर सेल (बिक्री का प्रस्ताव) शामिल है।

## गैलेक्सी ए16 5जी 18999 रुपये में पेश

गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसेबड़ेकंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में गैलेक्सी ए16 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती कीमत 18999 रुपये है। गैलेक्सी ए16 5जी में यूजर्स को किफायती मूल्य पर शानदार फीचर्स दिए गए हैं। यह भारत मेंमिड-रेंजस्मार्टफोन के लिए 6 पीढ़ियों के ओएस अपग्रेड और 6 साल के सुरक्षा अपडेट प्रदान करके एक नया मानक स्थापित करता है।सैमसंग गैलेक्सी ए16 5जी दोवैरिएंट - 8 जीबी/128 जीबी और 8 जीबी/256 जीबी मेंगोल्ड, लाइट ग्रीन और ब्लू ब्लैकजैसेट्रेंडी रंगों में उपलब्ध होगा। सैमसंगगैलेक्सी ए16 5जी कोस्लीक और प्रैक्टिकल दोनों तरह से डिज़ाइन किया गया है। डिवाइस की चौड़ाई सिर्फ़ 7.9एमएम है, जो अबतक का सबसे पतला मिड-रेंज गैलेक्सी सीरीज़ स्मार्टफोन है। शानदार की आइलैंड एस्थेटिक, रिफ़ाइंड ग्लास्टिक बैक और पतले बेज़ेल्स इसे देखने में आकर्षक बनाते हैं। अपने शानदार डिज़ाइन के अलावा, गैलेक्सी ए16 5जी में 5000एमएएच की दमदार बैटरीहै, जो चलते-फिरते यूज़र के लिए लंबे समय तक चलने वाली पावर बैकअप देतीहै। अपग्रेडेड मीडिया टेक डाइमेंशन 6300 प्रोसेसर पर चलने वाला यहफोन हाइपर-फ़ास्ट कनेक्टिविटी और सहज मल्टीटास्किंग प्रदान करता है, जो आपको गेमिंग, स्ट्रीमिंग या एप्लिकेशन के बीच स्विच करते समय एक सहज और लैग-फ़्री अनुभव प्रदान करता है।

## टेक महिन्द्रा का शुद्ध लाभ 153 प्रतिशत बढ़कर 1,250 करोड़ रुपये पहुंचा

मुंबई, एजेंसी। सभी उद्योगों में उपक्रमों को टेक्नोलॉजी परामर्श और डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी टेक महिन्द्रा ने ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। टेक महिन्द्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक मोहित जोशी ने कहा, जैसा कि संपूर्ण आईटी सेवाओं का उद्योग नरम रहने के बावजूद हमने हमारे रणनीतिक सुधार प्रयासों में प्रगति जारी रखी। हमने ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत करने और प्रोजेक्ट फॉरटस के जरिए परिचालन उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित रखते हुए साझीदार पारितंत्र के विस्तार पर ध्यान बनाए रखा जिसके परिणाम स्वरूप लगातार तीसरी तिमाही में मार्जिन का विस्तार हुआ। टेक महिन्द्रा के मुख्य वित्तीय अधिकारी रोहित आनंद ने कहा, बीती तिमाही हमने नए सौदे हासिल करने, आय में वृद्धि, लागत महत्तम स्तर पर ले जाने और सतत मुक्त नकदी प्रवाह सृजन के मोर्चे पर सुसंगत प्रदर्शन दर्ज किया और वित्त वर्ष 27 के लिए तय लक्ष्यों की दिशा में हमारी यात्रा जारी है।

## इंडेल मनी लिमिटेड ने किया सिक्योर्ड, रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर के पांचवें पब्लिक इश्यू का ऐलान

मुंबई, एजेंसी। गोल्ड लोन सेक्टर की डिपॉजिट नहीं लेने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) इंडेल मनी लिमिटेड ने 1-1 हजार रुपये की फेस वैल्यू वाले सिक्योर्ड एनसीडी के पांचवें पब्लिक इश्यू का ऐलान किया है. यह इश्यू 21 अक्टूबर 2024 को खुलेगा और 04 नवंबर 2024 को बंद होगा. इसके साथ ओवर सब्सक्रिप्शन के मामले में समय से पहले बंद करने का विकल्प भी है.

इंडेल मनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ उमेश मोहनन कहते हैं, हमारी बिजनेस की रणनीति अपनी प्रतिस्पर्धी ताकत का लाभ उठाने, गोल्ड लोन इंडस्ट्री में स्थान को बेहतर बनाने और उपस्थिति का विस्तार करने के लिए डिजाइन की गई है. हम नई शाखाएं खोलकर अपने ब्रांच-नेटवर्क का विस्तार करना और अपने लोन पोर्टफोलियो को बढ़ाना जारी रखना चाहते हैं. बढ़ा हुआ राजस्व, मुनाफा कमाने की संभावना और विजिबिलिटी के लिए हम ब्रांच-नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं. हम नए बाजारों में उतरने और ग्रामीण व अर्ध-शहरी बाजारों में कस्टमर बेस बढ़ने की उम्मीद करते हैं, जहां आबादी के एक बड़े हिस्से की लोन तक पहुंच सीमित है. सिक्योर्ड एनसीडी की फेस वैल्यू 1-1 हजार रुपये प्रति यूनिट है. इस इश्यू में 75 करोड़ रुपये तक का बेस इश्यू साइज शामिल है, जिसके साथ 75 करोड़ रुपये तक के ओवरसब्सक्रिप्शन का विकल्प है. इस तरह इश्यू का साइज कुल मिलाकर 150 करोड़ रुपये तक हो जाता है. इस इश्यू में लीड मैनेजर विवरो फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. इस इश्यू से जुटाई जाने वाली रकम का इस्तेमाल ग्राहकों को आगे कर्ज देने, फाइनेंसिंग और कंपनी के कर्ज के मूलधन और ब्याज का भुगतान/समय से पहले भुगतान (कम से कम 75 फीसदी हिस्सा) करने में किया जाएगा.

## भारतीय नौसेना की नई मिसाइल वेसल को ताकत देगा जीई एयरोस्पेस का एलएम 2500

मुंबई, एजेंसी। इवेन्डेल, ओहियो विश्वसनीयता और शानदार प्रदर्शन के लिए इंजीनियर किए गए जीई एयरोस्पेस के एलएम2500 को भारत के कोच्चि में स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित भारतीय नौसेना के अगली पीढ़ी के मिसाइल वेसल्स को शक्ति प्रदान करने के लिए चुना गया है। जीई एयरोस्पेस द्वारा छह एलएम2500 समुद्री गैस टरबाइन इंजन किट दिए जाएंगे, जिन्हें भारत के बैंगलोर में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (॥) इंडस्ट्रियल एंड मरीन गैस टरबाइन डिवीजन में असेंबली और परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त, जीई एयरोस्पेस अपने समग्र बेस और इनक्लोजर, और गैस टरबाइन सहायक सिस्टम की पूरी आपूर्ति करेगा। ये इंजन भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए नए जहाज को शक्ति प्रदान करेंगे। इन इंजनों को उनकी नेवल क्षमता के लिए एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में जाना जाता है। यह चयन एलएम2500 की अपनी कटेगरी में बेजोड़ लीडर के रूप में स्थिति को और मजबूत करता है। इन इंजनों ने यह पहचान अपने शानदार प्रदर्शन और व्यापक वैश्विक सपोर्ट नेटवर्क के जरिए अर्जित की है। एलएम2500 सिर्फ़ भारतीय नौसेना को शक्ति प्रदान नहीं कर रहा है। यह दुनिया भर की ऐसी तमाम नौसेनाओं के लिए पसंदीदा इंजन है जो सर्वश्रेष्ठ की तलाश में रहते हैं। दुनिया भर में 714 से ज़्यादा जहाज़ अपनी विश्वसनीयता और कार्यक्षमता के लिए लश्च एयरोस्पेस के मरीन गैस टर्बाइनों पर निर्भर हैं।

## एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लि. ने सेलांगोर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

मुंबई, एजेंसी। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो कि हैंडल्ड फूड्स और एग्रो उत्पादों में अग्रणी है, ने मलेशिया के सेलांगोर राज्य की सरकारी संस्था पेरबदानन के मजुइआन पर्टेनियन सेलांगोर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता ज्ञापन मलेशिया के सेलांगोर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।

इस एमओयू में एचएमए और पीकेपीएस के बीच फ्रीज़न बोनलेस भैंस के मांस की आपूर्ति और अन्य पहलों, जैसे कि संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की योजना बनाई गई है, ताकि दोनों संगठनों की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान किया जा सके। यह साझेदारी एचएमए के अंतरराष्ट्रीय विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है, खासकर मलेशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में, जो कंपनी के वैश्विक बाजार तक पहुँच को बढ़ाने में मदद करेगा। इस एमओयू के माध्यम से भारत और मलेशिया के बीच व्यापार संबंधों में सुधार होगा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में आपसी विकास को बढ़ावा मिलेगा। संयुक्त अनुसंधान पहलों के माध्यम से, दोनों पक्ष आम उद्योग चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे, जो मांस प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार करेगा। पीकेपीएस के सहयोग से, एचएमए की वितरण क्षमताएँ बढ़ेंगी, जिससे मलेशिया और अन्य एशियाई बाजारों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मांस उत्पादों की स्टेडी और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित होगी। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एएलएम फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड, पंजाब और एएलएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सहारनपुर के साथ भी सुविधाओं के लिए समझौते किए हैं, ताकि स्लॉटरिंग, चिलिंग, प्रोसेसिंग, फ्रीजिंग और फ्रीज़न हलाल बोनलेस भैंस के मांस के पैकिंग की सुविधाएँ प्राप्त की जा सकें।

## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में सैमसंग के 400 छात्र भविष्य की तकनीकी स्किल्स में बने माहिर

गुरुग्राम, एजेंसी। सैमसंग इंडिया के प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम, सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के 400 छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पाठ्यक्रम का सफल समापन किया। यह कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास में योगदान देकर डिजीटल इंडिया अभियान को मजबूत बनाने के सैमसंग के संकल्प को दोहराता है।



समापन समारोह में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आर.के. सिन्हा, सैमसंग के अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस एक-वर्षीय प्रोग्राम के टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग के केंद्रों को देखने का अवसर मिलेगा, जहां वे सैमसंग की लीडरशिप टीम से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर पर टॉप करने वाले छात्रों को सैमसंग के आकर्षक प्रोडक्ट्स भी पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा, एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग जैसे फ्यूचर-टेक स्किल्स में युवाओं को शिक्षा देना सैमसंग की एक बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के विकास में योगदान देना और डिजिटल इंडिया पहल को आगे बढ़ाना है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के दूसरे सत्र के तहत, सैमसंग के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम ने इस दिशा में एक कदम और बढ़ाया है, जिससे देशभर के युवाओं को महत्वपूर्ण ज्ञान और प्रशिक्षण देकर उनकी नौकरी करने की क्षमता बढ़ाई जा सके।

सैमसंग इनोवेशन कैंपस चार प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों - एआई, आईओटी, बिग डेटा, और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में व्यापक प्रशिक्षण देता है। इस कार्यक्रम के जरिए छात्र अपनी नौकरी की योग्यता को बेहतर करने के लिए कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स और सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव हासिल कर सकते हैं। एआई पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को 270 घंटे की थ्योरी और 80 घंटे के प्रोजेक्ट वर्क से गुजरना होता है, जबकि आईओटी और बिग डेटा के छात्रों को 160 घंटे की थ्योरी और 80 घंटे का प्रोजेक्ट वर्क करना होता है। कोडिंग और प्रोग्रामिंग में भाग लेने वाले छात्रों को 80 घंटे की ट्रेनिंग के बाद हैकथॉन में भाग लेना होता है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत सैमसंग देश भर के 3,500 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेगा।

## वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कल्ट फेस्टिवल 2024 ने समग्र शिक्षा को लेकर प्रतिबद्धता प्रदर्शित की

नई दिल्ली, एजेंसी। रचनात्मकता के क्षेत्र में शिक्षा के प्रति समर्पित भारत के प्रथम विश्वविद्यालय वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने अपने वार्षिक कल्ट फेस्टिवल के सफल समापन के साथ समग्र और चहुंमुखी शिक्षा उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर से प्रदर्शित की है। सोनीपत में डब्लूयूडी के कैंपस में 16 से 18 अक्टूबर, 2024 तक हुए इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर से 70 से अधिक संस्थानों से 4,000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग कर खेल, कला, संस्कृति और डिजाइन का जश्न मनाया।

इस वर्ष के उत्सव में विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा की और एक दूसरे का साथ दिया। कलात्मक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ खेल की प्रतिस्पर्धी भावना को एकीकृत कर डब्लूयूडी का लक्ष्य ना केवल कुशल पेशेवरों को पोषित करना है, बल्कि उनका चहुंमुखी विकास करना है जिससे वे आज और आने वाले कल की इस गतिशील दुनिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता ने कहा, यह कल्ट फेस्टिवल समग्र शिक्षा को लेकर हमारे विजन का प्रतीक है। खेल, कला और संस्कृति को डिजाइन के साथ एकीकृत कर हम आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार परिपूर्ण व्यक्तियों का पोषण कर रहे हैं। यह उत्सव कई खेल आयोजनों के साथ प्रारंभ हुआ जिसके जरिए डब्लूयूडी ने समावेशिता और शारीरिक रूप से आरोग्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। लड़के और लड़कियों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस और फुटबॉल मैचों में हिस्सा लेते हुए टीम भावना, लचीलापन और पुष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा अपने साथियों का उत्साहवर्धन करने से पूरा माहौल जोश से भरा था। आयोजन के अगले दिन कई रचनात्मक प्रतिस्पर्धाएं और प्रस्तुतियां हुईं। ऑनलाइन गेमिंग प्रशंसकों ने वैलोरैंट और मोर्टल कॉम्बैट में मुकाबला किया, जबकि रैपिड राइम्स बैटल्स और क्लासिकल म्यूजिक की प्रस्तुति से प्रतिभागियों ने कलात्मक प्रतिभाएं प्रदर्शित कीं। इसके अलावा, स्केचिंग और मेक दि शिफ्ट योर फिट फैशन प्रतिस्पर्धा ने अनूठी और टिकाऊ डिजाइन को प्रोत्साहन दिया और इसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

## कास्ट एनएक्स प्राइवेट लि. ने अर्पित खण्डेलवाल से 23.22 करोड़ का निवेश प्राप्त किया

मुंबई, एजेंसी। पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अग्रणी डीप-टेक स्टार्टअप कास्ट एनएक्स प्राइवेट लिमिटेड ('कास्ट एनएक्स'), ने आज अर्पित खण्डेलवाल और प्लूटस इनवेस्टमेंट एण्ड होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड ('प्लूटस') से 23.22 करोड़ का निवेश प्राप्त करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, अर्पित ने मौजूदा शेयरधारकों के माध्यम से भी कुछ हिस्सेदारी खरीदी है। इस रणनीतिक निवेश से कास्ट एनएक्स को पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के ऊर्जा बचत और प्रभावी लागत वाले विभिन्न उत्पादों को आगे बढ़ाने के लक्ष्य में और अधिक तेज़ी मिलेगी।

कास्ट एनएक्स प्राइवेट लिमिटेड एक डीप-टेक स्टार्टअप है जो पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में क्रांति लाने का काम कर रहा है। इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित अपने भारत डिजाइन केंद्र (आईडीसी), आईआईएससी बैंगलोर, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली के सहयोग से, कास्ट एनएक्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में इनोवशन और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।

प्लूटस इनवेस्टमेंट एण्ड होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड, प्लूटस ग्रुप की एक कंपनी है, श्री अर्पित खण्डेलवाल और श्री रमेश सियानी इसके प्रमोटर हैं। प्लूटस एल एल पी इसकी प्रमुख इकाई है जिसकी योजना चुनिंदा व्यापारिक निवेशों के माध्यम से दीर्घकालिक सम्पत्ति निर्माण पर केंद्रित है। आदर्श निवेश अवसरों की पहचान करने के लिए प्लूटस कई निवेश रणनीतियों का पालन करते हुए सूचीबद्ध और ग़ैर-सूचीबद्ध इक्विटी दोनों में निवेश करता है। कास्ट एनएक्स की स्थापना वर्ष 2020 में सुनीता तंबोली ने की थी। इसका प्रबंधन मनोज मोदी द्वारा किया जाता है। कास्ट एनएक्स ने पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट डेवेलपमेन्ट के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर खुद को स्थापित किया है। इसकी उत्पादों की श्रृंखला में औद्योगिक उपयोग के लिए जनरल परपज वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव (वीएफडी), एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के लिए उच्च गति की वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव तकनीक़ (एचएसवीएफडी), मैटेरियल लिफ़्टिंग ड्रोन और तेज गति वाले मशीन टूल्स के साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन एक्सट्रैक्टर्स के लिए के लिए डीसी-डीसी मॉड्यूल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन शामिल हैं। इस निवेश से पावर कास्ट एनएक्स की इलेक्ट्रॉनिक्स-आधारित उत्पादों के विकास पर केंद्रित अनुसंधान और विकास सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

## एडविक कैपिटल लि. का शुद्ध लाभ में 29 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि

मुंबई, एजेंसी। एडविक कैपिटल लिमिटेड दिल्ली एनसीआर स्थित एक उभरती हुई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त होने वाली तिमाही और छह महीने के लिए अपनी आय की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (संविधानिक) के लिए, कंपनी की कुल राजस्व 33,016.60 लाख रुपये रही। शुद्ध लाभ 210.84 लाख रुपये दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (स्टैंडअलोन) के लिए, राजस्व 394.10 लाख रुपये रही, जबकि शुद्ध लाभ 41.88 लाख रुपये पर पहुंचा।

वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (स्टैंडअलोन) के लिए, राजस्व 891.02 लाख रुपये रहा, जिसमें शुद्ध लाभ ने 29 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि करके 263.48 लाख रुपये को छू लिया।

हाल ही में, कंपनी ने सप्लाइ चैन फाइनैन्सिंग में रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की है। यह पहल कंपनी के उत्पादों की श्रृंखला को विस्तारित करने और विभिन्न क्षेत्रों, जैसे कृषि-खाद्य, एफएमसीजी, एफएमसीडी, धातु और इंजीनियरिंग उत्पादों में व्यवसायों को आवश्यक वित्तीय समर्थन प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। इस कार्यक्रम को संचालन की दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे लक्षित उद्योगों की सप्लाइ चैन में स्थायी वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इस पहल के हिस्से के रूप में, एडविक कैपिटल ने एक प्रमुख कृषि उत्पाद एफएमसीजी कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यद्यपि इस प्रतिष्ठित साझेदार का नाम व्यापार गोपनीयता के कारण खोला नहीं जा सकता, कंपनी सभी हितधारकों को आश्वस्त करती है कि यह सहयोग सप्लाइ चैन फाइनैन्सिंग मॉडल को विस्तारित करने की नींव रखता है। एडविक कैपिटल लिमिटेड इस पहल के माध्यम से विभिन्न उद्योगों में अपने पैर जमाने का लक्ष्य रखती है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण व्यवसाय को मजबूत करने के लिए समान पार्ट्नर्शिप स्थापित की जा सकें। एमएसएमइ फाइनैन्सिंग क्षेत्र में एक प्रमुख प्रतियोगी के रूप में, एडविक कैपिटल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और व्यवसायिक वृद्धि का समर्थन करने के लिए समर्पित है। हमारी दीर्घकालिक विकास रणनीति के हिस्से के रूप में, सप्लाइ चैन फाइनैन्सिंग में हमारी एंट्री–विशेष रूप से एक प्रमुख कृषि उत्पाद एफएमसीजी कंपनी के साथ साझेदारी के माध्यम से–एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, एडविक कैपिटल के सीएफओ और सम्पूर्ण समय के निदेशक श्री पंकज शर्मा ने कहा।

## शिक्षा मंत्रालय ने युवा संगम के पांचवें चरण हेतु पंजीकरण की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर तक बढ़ाई

मुंबई, एजेंसी। फ्यूजर इज नाउ शिक्षा मंत्रालय ने युवा संगम के पांचवे चरण हेतु पंजीकरण कराने की समय सीमा 25 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी है ताकि इन विशिष्ट अनुभव में शामिल होने के इच्छुक सभी आवेदकों को मौका दिया जा सके। अंतिम दिनांक आगे बढ़ाने से विद्यार्थियों एवं पेशेवरों समेत और अधिक युवाओं को अपने राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधि बनने का यह दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। पहले जो समय सीमा निर्धारित की गई थी उसके करीब आने से पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले विज़िटरों की तादाद में भारी वृद्धि हुई। यह एक सफल सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम है जिसे एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत शुरु किया गया है। यह भारत के विविधता पूर्ण क्षेत्रों के 18 से 30 वर्षीय युवाओं के मध्य सम्पर्क एवं सहयोग को सुगम बनाता है। यह कार्यक्रम अब अपने पांचवे चरण में है और इसके तहत अब तक हुई 114 यात्राओं के माध्यम से 4,795 युवा एक-दूसरे की संस्कृतियों के बारे में सीख चुके हैं। युवा पेशेवरों (नौकरीपेशा/स्वरोजगार वाले) और विद्यार्थियों (एनएसएस/एनवायकेएस वॉलंटियर समेत) तथा ऑफ-कैम्पस युवाओं (ऑनलाइन कोर्स, कौशल संस्थानों आदि में दाखिला लिए हुए) को इस जीवन परितर्वनकारी अनुभव हेतु आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जिसके द्वारा वे व्यापक क्षेत्रों - पर्यटन, परम्परा, प्रगति, परस्पर सम्पर्क व प्रौद्योगिकी - के अंतर्गत इस बहुआयामी ज्ञान को अनुभव करेंगे।

## सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लि. ने यूके बेस्ड एनस्मार्ट पावर के साथ कॉलेबोरेट किया

मुंबई, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी ईवी चार्जर मैन्युफैक्चरर सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड और क्रिटिकल पावर, सोलर और एनर्जी स्टोरेज सिस्टम में अग्रणी यूके स्थित एनस्मार्ट पावर ने अपने ईवी चार्जर डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए नॉर्थ अमेरिका सहित पूरे ब्रिटेन और उसके बाहर सोल (एकमात्र) डिस्ट्रिब्यूशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह एग्रीमेंट इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक व्हीकल अपनाने की तीव्र वृद्धि को बढ़ावा देगा। एनर्जी स्टोरेज और डिस्ट्रिब्यूशन में एनस्मार्ट पावर की विशेषज्ञता के साथ सर्वोटेक के इनोवेटिव ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस को जोड़कर, पार्टनरशिप का यह लक्ष्य कंज्यूमर्स के लिए एक विश्वसनीय और सुलभ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करना है। यह कोलैबोरेशन ग्रीन मोबिलिटी विकल्पों के विकास को बढ़ावा देगा, कार्बन-न्यूट्रल ट्रांसपोर्टेशन इकोसिस्टम में योगदान देगा और दक्षता, विश्वसनीयता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी में नए स्टैंडर्ड स्थापित करेगा।

सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन भाटिया ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, यह कोलैबोरेशन एक मज़बूत इंटरनेशनल फुटप्रिंट स्थापित करने और लोकल प्रोडक्शन पर ज़ोर देने के साथ विदेशी यूज़र्स के पास इनोवेटिव सॉल्यूशंस लाने के लिए एक स्ट्रेटिजिक मूव है। सर्वोटेक का लक्ष्य वर्ल्ड-क्लास ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस प्रदान करना है और यह साझेदारी हमें एनस्मार्ट पावर की ग्लोबल एक्स्पर्टीज़ को लोकलाइज़ करने और इनोवेटिव चार्जिंग सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग को संबोधित करने की अनुमति देगी। प्रत्येक चार्जिंग पॉइंट स्टेशनों के एक व्यापक नेटवर्क में योगदान देगा, जो सभी इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों के लिए सुलभ होगा, जो यूके और अन्य क्षेत्रों में ई मोबिलिटी यूज़र्स के लिए ऑन-द-गो चार्जिंग एक्सपीरियंस को बढ़ाएगा।

एनस्मार्ट पावर के मैनेजिंग डायरेक्टर डेनिज़ टैनर ने कहा कि, हम सर्वोटेक जैसे इंडस्ट्री लीडर के साथ जुड़कर रोमांचित हैं। एक दशक से अधिक समय तक रमन भाटिया के साथ काम करने के बाद, यह हमारे रिश्ते को मज़बूत करता है क्योंकि हमारा लक्ष्य आईपी और विचारों को क्रॉस-पोलिनेट करना है

# गौतम गंभीर का स्वीट हेडेक, खिलाड़ियों में टक्कर

**मोहम्मद शमी की वापसी से कैसे बढ़ेगा सिराज पर दबाव**

## शमी वनडे वर्ल्डकप फाइनल 2023 के बाद से वापसी के लिए तैयार



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पर्थ में 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट सीरीज के लिए भारत के दो हफ्ते पहले जाने की उम्मीद है जिससे शमी के पास बंगाल के लिए दो रणजी मैच में खेलने का काफी समय है। बंगाल 26 अक्टूबर से केरल और फिर छह नवंबर से कर्नाटक के खिलाफ खेलेगा। मोहम्मद शमी पिछले साल नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेले हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में खत्म हुए भारत के शुरुआती टेस्ट के बाद नेट पर गेंदबाजी की। अब भारत का यह अनुभवी तेज गेंदबाज वापसी के लिए तैयार है। आगामी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मैच खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी।

**11 खिलाड़ी चुनने के लिए कई प्लेयर्स के बीच कड़ी जंग** – जब 11 खिलाड़ी चुनने के लिए कई प्लेयर्स के बीच कड़ी जंग हो तो कोच और कप्तान इसे स्वीट हेडेक कह सकते हैं। यानी किस खिलाड़ी को खिलाना है और किसे बाहर करना है इसकी उलझन। शमी सिर्फ 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर एडिलेड टेस्ट का हिस्सा रहे थे। तब उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी और वह जानते हैं कि वह टीम की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस वक्त टीम में शमी के अलावा जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और नए गेंदबाज आकाशदीप बढ़िया कर रहे हैं।

सिराज पर बढ़ेगा दबावपिछले कुछ टेस्ट मैचों में मोहम्मद सिराज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं और शमी की टीम में वापसी की खबर से उनपर दबाव बढ़ सकता है। यदि शमी ऑस्ट्रेलिया जाते हैं तो वहां वह जसप्रीत बुमरा के साथ कप्तान की पहली पसंद होंगे। तीसरे पेसर के तौर पर सिराज के अलावा आकाशदीप एक अन्य विकल्प होंगे। आकाशदीप ने मिले मौकों पर अपनी स्विंग गेंदबाजी से प्रभावित किया है। ऐसे में सिराज को न्यूजीलैंड के खिलाफ यदि बाकी बचे दोनों टेस्ट में मौका मिलता है तो उन्हें नई गेंद से विकेट निकालने होंगे। सिराज के लिए यह आसान नहीं होगा क्योंकि रिकॉर्ड यही बताते हैं कि घरेलू मैदान पर उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा है। भारत में उनके नाम 13 मैचों में 192.2 ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 19 विकेट है।

# भारत को करारा झटका

## हॉकी-शूटिंग, क्रिकेट समेत कई इवेंट ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलों को 2026 में होने वाले खेलों के कार्यक्रम हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को इसमें जगह दी गई है। लागत को सीमित करने के लिए टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलॉन को भी हटा दिया गया है। बर्मिंघम में 2022 में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। इन खेलों को केवल चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

**23 जुलाई से खेले जाएंगे कॉमनवेल्थ गेम्स** – राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबानी की थी। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने बयान में कहा,'खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल को शामिल किया गया है।

**भारतीय दल को करारा झटका** – बयान के अनुसार, इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में किया जाएगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को होटल में ठहराया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे, जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की कम उम्मीद थी।

**इतने खेलों को एकसाथ क्यों हटाया** – निशानेबाजी को इसलिए कार्यक्रम से बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में किया गया था, जो ग्लासगो से 100 किमी से अधिक दूर है। इसके साथ ही तीरंदाजी को भी नजरअंदाज किया जाता रहा है। यह खेल आखिरी बार दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा था। राष्ट्रमंडल खेल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटा दिया गया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा।

**शूटिंग, हॉकी और कुश्ती में था भारत का दबदबा** – हॉकी को बाहर करने का कारण यह भी हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के दो सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था, लेकिन बढ़ती लागत को देखते हुए वह मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने खेलों की मेजबानी करने के लिए हामी भरी थी। खेलों से हॉकी का बाहर होना भारत के लिए एक बड़ा झटका होगा। भारत की पुरुष टीम ने तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं, जबकि महिलाओं ने 2002 के खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं।

### ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल से यह बाहर हुए स्पोर्ट्स

- एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड)
- तैराकी और पैरा तैराकी
- कलात्मक जिमनास्टिक
- ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग
- नेटबॉल
- भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग
- मुक्केबाजी
- जूडो
- बाउल्स और पैरा बाउल्स
- 3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल

**बैडमिंटन में भारत ने जीते हैं 10 स्वर्ण**राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन के इतिहास में भारत ने 10 स्वर्ण, आठ रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 31 पदक जीते हैं। निशानेबाजी में भारत ने 135 पदक जीते थे जिनमें 63 स्वर्ण, 44 रजत और 28 कांस्य शामिल हैं। कुश्ती प्रतियोगिता में देश को 114 पदक मिले हैं, जिनमें 49 स्वर्ण, 39 रजत और 26 कांस्य शामिल हैं। क्रिकेट को 2022 में फिर से राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल कर दिया गया था जिसमें भारतीय महिला टीम ने रजत पदक जीता था। पैरा खिलाड़ी 2002 से इन खेलों का हिस्सा रहे हैं और अगले खेलों में भी बने रहेंगे।

# द हंड्रेड की टीमों के लिए पांच आईपीएल फ्रेंचाइजी ने लगाई बोली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स उन आईपीएल फ्रेंचाइजियों में शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की प्रतियोगिता द हंड्रेड में टीमें खरीदने के लिए बोलियां जमा की हैं। रिपोर्ट के अनुसार जीएमआर ग्रुप और मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के सह-मालिक अवराम ग्लेजर ने भी टीम खरीदने के लिए बोलियां जमा की है। बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर थी। ईसीबी ने आठ फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए बोलियां आमंत्रित की थी। इस तरह से ईसीबी ने बड़ा हिस्सा अपने पास सुरक्षित रखा है जिससे उसका प्रतियोगिता पर नियंत्रण बना रहेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कई आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने शुरू में टीम खरीदने के लिए दिलचस्पी दिखाई थी लेकिन सभी ने बोलियां नहीं लगाईं। इसमें कहा गया है, 'पंजाब किंग्स ने बाहर होने का विकल्प चुना, जबकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि पांच बार के आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के मालिक सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने बोलियां जमा की हैं या नहीं।

# केन विलियमसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से भी बाहर, अब तीसरे टेस्ट पर नजरें



**पुणे (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन कमर की मांसपेशियों में खिंचाव से अभी पूरी तरह नहीं उबरे हैं जिस कारण वह भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को यह घोषणा की। बेंगलुरु में पहला मैच आठ विकेट से जीतने के बाद न्यूजीलैंड तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। दूसरा मैच गुरुवार से यहां खेला जाएगा। विलियमसन श्रीलंका के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी तक भारत में टीम से नहीं जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन की प्रगति अच्छी है लेकिन अभी तक वह पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में स्टीड ने कहा, 'हम केन की प्रगति पर निगरानी रखे हुए हैं और वह सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं लेकिन अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। हमें उम्मीद है कि उनमें आगामी दिनों में और सुधार देखने को मिलेगा और वह तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, 'हम उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए जितना संभव हो सके उतना समय देंगे, लेकिन निश्चित रूप से हम इस मामले में सतर्कता बरतते रहेंगे। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच एक नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

# कोहली या स्मिथ नहीं, केवल ये खिलाड़ी कर सकता है जो रूट की बराबरी : एलेस्टेयर कुक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलेस्टेयर कुक का मानना ??है कि 'समय के सटीक क्षण' पर फॉर्म में चल रहे जो रूट की बराबरी केवल न्यूजीलैंड के केन विलियमसन कर सकते हैं। रूट और विलियमसन 'फैब फोर' के प्रसिद्ध चेहरों में से हैं जिसमें विराट कोहली और स्टीवन स्मिथ जैसे दिग्गज भी शामिल हैं। हालांकि समय के साथ, रूट ने धीरे-धीरे अपने शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट में अपना दबदबा कायम किया है।

अब उन्हें ऐसा खिलाड़ी माना जाता है जो इतिहास की किताबों को फिर से लिख सकता है। 33 वर्षीय खिलाड़ी के वर्तमान रन 12,716 रन हैं, जो भारत के 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर को पछाड़कर टेस्ट इतिहास में सबसे सफल बल्लेबाज बनने से केवल 3,206 रन दूर हैं। हाल के वर्षों में रूट ने हर बार बल्ले से क्रीज पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, चाहे उनके सामने कोई भी प्रतिद्वंद्वी क्यों न हो। जैसे-जैसे वह क्रिकेट की दुनिया को अपने अथाह कौशल से मंत्रमुग्ध करते जा रहे हैं, कुक को अपने दोस्त के करीब केवल एक ही खिलाड़ी नजर आता है।



कुक ने आईसीसी द्वारा आयोजित एक राउंड-टेबल इंटरव्यू के दौरान कहा, मुझे लगता है कि इस समय, मुझे जो रूट जितना अच्छा खेलते हुए किसी और को देखना मुश्किल लगता है। पिछले एक साल में तथाकथित 'बिग फोर' के दौरान मुझे लगता है कि विलियमसन और वह शायद इस समय सबसे बेहतरीन फॉर्म में हैं। वे सभी शानदार, वास्तव में शानदार खिलाड़ी, अपने खेलने के तरीकों और तरीकों में सभी बहुत अलग हैं। लेकिन एक चीज जो उन्हें एकजुट करती है, वह है सुधार करते रहने और रन बनाते रहने की भूख और इच्छा।

रूट वर्तमान में पाकिस्तान के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेल रहे हैं। विलियमसन को भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में चुना गया है। हालांकि कमर में खिंचाव के कारण वह बेंगलुरु में कीवी सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। कोच गैरी स्टीड ने उनकी अनुपलब्धता की पुष्टि की है, जिसके बाद वे दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो जाएंगे। रूट मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ पहले दो टेस्ट के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 104.67 की औसत से 314 रन बनाए हैं। गुरुवार से रावलपिंडी में शुरू होने वाले सीरीज के निर्णायक मैच में वे अपने स्कोर में सुधार करना चाहेंगे।

# भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले बोले कमिंस, हम अपनी गलतियों को सुधारने आए हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में उनकी टीम अपनी गलतियों में सुधार करेगी ताकि एक दशक बाद ट्रॉफी अपने नाम कर सके। दोनों टीमें 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला जीती हैं।



कमिंस ने कहा, 'हमने एक ब्रेक लिया था और अब पांच मैचों की श्रृंखला को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। भारत के खिलाफ पिछली कुछ टेस्ट श्रृंखलाओं में किस्मत ने साथ नहीं दिया लेकिन हमें ऑस्ट्रेलिया में खेलने पर हमेशा गर्व होता है। भारत ने 2020-21 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती थी जब ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में नाबाद 89 रन बनाए और भारत ने गाबा पर 328 रन के लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज की थी। इसी श्रृंखला में भारतीय टीम पहले टेस्ट में 36 रन पर आउट हो गई थी।

कमिंस ने कहा, 'पिछली दो श्रृंखलाएं काफी पहले खेली गई और हमें उसे भुलाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते समय प्रशंसकों और मीडिया की अपेक्षाएं काफी होती है। पिछली श्रृंखला काफी कठिन थी और गाबा पर आखिरी सत्र में फैसला हुआ। हम जीत नहीं सके लेकिन हम इस बार गलतियों में सुधार करेंगे।%

उन्होंने पंत को भारत को एक्स फैक्टर कहा लेकिन कहा कि उनकी टीम का फोकस अपनी गलतियों में सुधार करने पर है। उन्होंने कहा, 'ऋषभ ने पिछली बार शानदार प्रदर्शन किया था। वह मध्यक्रम में उनके लिए एक्स फैक्टर है। वह विकेट के पीछे भी लगातार बोलता रहता है और हमें हंसाता है। शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बारे में पूछने पर कमिंस ने कहा, 'मैने शुभमन के खिलाफ खेला है लेकिन जायसवाल को ज्यादा खेलते नहीं देखा। दोनों युवा खिलाड़ी हैं और अलग-अलग प्रारूपों में काफी रन बनाए हैं। अभी श्रृंखला में समय है तो अभी कुछ कह नहीं सकते कि क्या रणनीति होगी।

# बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने से विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई : साक्षी मलिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब 'विटनेस' में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है।

उन्होंने लिखा कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया।



अंत में साक्षी हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे। साक्षी की आत्मकथा के जोनाथन सेल्वाराज सह लेखक हैं। इसमें साक्षी ने हालांकि उन लोगों के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्होंने बजरंग और विनेश को प्रभावित किया।

साक्षी ने लिखा, 'पहले की तरह स्वार्थी सोच फिर से हावी होने लगी। बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू कर दिया। वे खेलों के लिए ट्रायल्स से छूट लेने की बात करने लगे। उन्होंने लिखा, 'बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने का अच्छा असर नहीं पड़ा। इससे हमारे विरोध प्रदर्शन की छवि बुरी तरह प्रभावित हुई। इससे हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए जिसमें कई समर्थकों ने यह सोचना शुरू कर दिया कि हम अपने स्वार्थ के लिए यह विरोध कर रहे हैं। विनेश और बजरंग दोनों इस महीने के शुरू में हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी से जुड़ गए। विनेश जुलाना विधानसभा से जीत गईं जबकि बजरंग पार्टी की राष्ट्रीय किसान इकाई के प्रमुख बने। साक्षी ने किताब में बताया कि बचपन में ट्यूशन देने वाले शिक्षक से छेड़छाड़ के बारे में वह अपने परिवार को नहीं बता सकीं थीं क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनकी गलती थी।

# पृथ्वी शॉ ज्यादा वजन के कारण मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर, चेतावनी भी मिली

**मुंबई (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ को त्रिपुरा के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम से बाहर कर दिया गया है। मुंबई ने आधिकारिक तौर पर बाहर किए जाने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि शॉ को अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए कहा गया है और उन्हें बाहर करने का फैसला 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए एक चेतावनी भी है कि वह अपने अनुशासन संबंधी मुद्दों को सुलझा लें।

शॉ जुलाई में बेंगलुरु में मुंबई के कंडीशनिंग कैंप और चेन्नई में बुची बाबू ट्रॉफी में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने ईरानी ट्रॉफी की दूसरी पारी में शेष भारत के खिलाफ मुंबई के लिए 76 रन बनाकर अपने घरेलू सत्र की शुरुआत की। मैच ड्रॉ रहा और मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ट्रॉफी जीत ली। रणजी ट्रॉफी में शॉ ने बड़ौदा से मुंबई की हार में 7 और 12 रन बनाए और फिर महाराष्ट्र पर 9 विकेट की जीत में 36 गेंदों पर 1 और 39* रन बनाए।



रिपोर्ट के अनुसार मुंबई के चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को लगा कि शॉ का वजन अधिक है। वे नेट अभ्यास सत्रों को गंभीरता से न लेने के कारण भी उनसे नाराज हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे और भारत के स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर लगातार नेट पर अभ्यास कर रहे हैं, वहीं शॉ कथित तौर पर सत्र छोड़ रहे हैं। जब वे अभ्यास सत्र में शामिल होते हैं, तो वे इसे हल्के में लेते हैं और सस्ते में आउट हो जाते हैं। रहाणे और मुख्य कोच ओमकार साल्वी ने शॉ को बाहर करने के निर्णय में चयनकर्ताओं से सहमति जताई।

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक शॉ को मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए फिटनेस कार्यक्रम के दो सप्ताह का पालन करने के लिए कहा गया है। टीम प्रबंधन ने एमसीए को बताया है कि 24 वर्षीय शॉ के शरीर में 35 प्रतिशत वसा है। एक समय दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक माने जाने वाले शॉ का करियर अनुशासन और फिटनेस के साथ संघर्ष के आरोपों के साथ भटक गया है। शॉ कई ऑफ-फील्ड मुद्दों का भी विषय रहे हैं जिसमें फरवरी 2023 में एक नाइट क्लब में हुई मारपीट भी शामिल है और बाद में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। शॉ को 2019 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने डोपिंग उल्लंघन के लिए कुछ महीनों के लिए निलंबित कर दिया था।

शॉ सचिन तेंदुलकर के बाद रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी में डेब्यू पर शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने अक्टूबर 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अपनी पहली पारी में ही शतक बनाया जिसमें 154 गेंदों में 134 रन बनाए। उस समय 18 साल और 319 दिन की उम्र में शॉ अपने टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय और तेंदुलकर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले अपने देश के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

# सरफराज खान बने पिता, भारतीय बल्लेबाज ने शेयर की बेटे की तस्वीरें

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान पिता बन गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी साझा की है। सरफराज ने अपने बेटे के साथ तस्वीरें भी साझा की हैं। सरफराज ने पहली स्टोरी में कहा, 'यह बेटा है।' सरफराज ने पिछले साल अगस्त में रोमाना जहूर से शादी की थी। इस साल की शुरुआत में राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए अपने बहुप्रतीक्षित टेस्ट डेब्यू के समय उनकी पत्नी और पिता मौजूद थे। सरफराज को अनिल कुंबले से भारतीय टीम की कैप प्राप्त करने के बाद अपने पिता और पत्नी के पास भारत की कैप ले जाते हुए देखा जा सकता था, जो दोनों ही भावुक दिखाई दे रहे थे। उन्होंने सीरीज में खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 200 रन बनाए, जिनमें से प्रत्येक में उन्होंने एक अर्धशतक बनाया और उनका औसत 50.00 रहा। सरफराज तब बांग्लादेश के खिलाफ भारत की दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बेंच पर थे और उम्मीद थी कि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के लिए भी प्लेइंग 11 में शामिल नहीं किया जाएगा।




# हाई ब्लडप्रेशर के खोजे सोलह जीन

आज उच्च रक्तचाप एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या बन गई है, जिसकी चपेट में अधिकांश लोग आ रहे हैं। इस बढ़ते उच्च रक्तचाप की वजह से कई बार व्यक्ति की जान भी संकट में पड़ जाती है।



**वैज्ञानिकों** ने हाई ब्लडप्रेशर में मददगार 16 जीन की खोज करने में सफलता पाई है। जो हृदय रोग तथा उच्च रक्तचाप के इलाज में सहायक सिद्ध हो सकती है।

'नेचर' जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार वेस्टर्न आस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय टीम का कहना है कि खोजे गए 16 जीन में से 10 इसका सुराग देंगे कि रक्त का नियंत्रण कैसे होता है। इस अनुसंधान में यूरोपीय मूल के दो लाख लोगों से जुटाई जानकारी का प्रयोग किया गया है। टीम के सदस्य मैथ्यू कूपर ने कहा कि इस अनुसंधान से रक्तचाप की अनुवांशिकी को समझने का मौका मिला है। इससे हाई ब्लडप्रेशर के उपचार और हृदय संबंधी रोगों की रोकथाम में मदद मिलेगी। हृदयाघात जैसी समस्या का कारण बनने वाले तनाव और उच्च रक्तचाप से पूरी दुनिया में करीब एक अरब लोग ग्रसित हैं।



# तंबाकू से गर्दन का कैंसर

तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इससे सभी वाकिफ हैं। एक अध्ययन के मुताबिक सिर और गर्दन के कैंसर के कुल मामलों में से आधे का कारण तम्बाकू का सेवन है। यह शोध एक संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया है कि सिर और गर्दन के कैंसर के लगभग 50 फीसदी मामले के लिए जिम्मेवार कारक तम्बाकू का सेवन है। अध्ययन में 2000 से 2010 तक सर्जिकल ऑंकोलॉजी (सिर और गर्दन) के तहत दर्ज किए गए। कैंसर के 915 मामलों का अध्ययन किया गया। अध्ययन में कहा गया कि सिर और गर्दन के कैंसर के 96 फीसदी मामलों का कारण बिना धूम्रपान वाले तम्बाकू पदार्थों का सेवन है। इन पदार्थों में खैनी, गुटका, जर्दा जैसे तम्बाकू उत्पाद आते हैं। वर्ष 2009 में ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे द्वारा किए गए एक अध्ययन के मुताबिक देश की 35 फीसदी आबादी यानी 27.49 करोड़ लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं।



# अखरोट रोके स्तन कैंसर

महिलाओं में स्तन कैंसर आम बात है। जबकि महिलाओं में कैंसर से मृत्यु इसका दूसरा कारण है। किसी महिला के जीवनकाल में स्तन कैंसर का अधिकतम औसत 9 में 1 होता है। वहीं महिलाएं रोजाना खाने के साथ अगर अखरोट लेती हैं तो इससे मुक्ति संभव है।

यह बात एक शोध में सामने आई है। चूहों पर किए गए एक परीक्षण में इस बात की पुष्टि की जा चुकी है। मार्शल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन की शोधकर्ताओं ने चूहों के एक समूह को अखरोट वाला भोजन दिया और दूसरे समूह को साधारण खाना दिया। दोनों समूहों के चूहों के ऊपर होने वाले असर की जांच के बाद यह खुलासा किया गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक जिन चूहों को अखरोट वाला भोजन दिया गया, उनमें स्तन कैंसर की संभावना बहुत कम हो गई। विज्ञान जर्नल 'न्यूट्रिशन एंड कैंसर' की रिपोर्ट के मुताबिक अखरोट खाने वाले चूहों में ट्यूमर की संख्या और आकार काफी छोटे थे। मार्शल विश्वविद्यालय ने शोधकर्ताओं के हवाले से कहा, अखरोट खाने के कारण स्तन कैंसर के विकास में आई कमी विशेष तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि चूहों में स्तन कैंसर विकसित होने की संभावना बहुत अधिक होती है।



ब्रिटिश शोधकर्ताओं का कहना है कि जिन पालकों के नवजात शिशु की मौत हो जाती और उनकी समय से पहले मौत होने की आशंका बनी रहती है। शोधकर्ताओं ने 35 साल की अवधि के दौरान इन मामलों की तुलना की।

# बच्चों की मौत के बाद माता-पिता खतरे में

**ब्रिटिश** शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय मृत्यु पंजीकरण से साल 1971 से 2006 तक मृत्यु के आंकड़े के इकट्ठा किए और उसका विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन माता पिता के नवजात शिशु की मौत हो जाती है उन माता पिता की भी समय से पहले मौत का खतरा बना रहता है।

## शिशु की मौत को नहीं भुला पाते

नया शोध ब्रिटेन की चिकित्सा पत्रिका बीएमजे सपोर्टिव एंड पैलिएटिव केयर ऑनलाइन में छपा है। शोधकर्ताओं ने उन नवजात शिशुओं के मृत्यु की जांच की जो पैदा होने के पहले साल में मरे या फिर जिनकी गर्भ में ही मृत्यु हो गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि शोकसंतप्त होने के बाद अभिभावकों की पहले 15 साल में मौत का खतरा बढ़ जाता है। जबकि जिन लोगों के नवजात शिशुओं की मौत नहीं हुई उनमें ऐसे आंकड़े नहीं मिले। शोध का नेतृत्व करने वाली यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क की डॉक्टर मेरी हार्पर कहती हैं ऐसा चलन पति या पत्नी की मौत के बाद भी देखा जा चुका है।

## जोखिम में माता पिता

शोध के मुताबिक इंग्लैंड और वेल्स में जिन मांओं के नवजात शिशुओं की मौत हुई उनकी समय से पहले मौत की आशंका चार गुना ज्यादा होती है। हार्पर की टीम में स्कॉटलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ स्टरलिंग के भी शोधकर्ता भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने शुरुआत में अनुमान लगाया कि समय से पहले सिर्फ मां की ही मौत हो सकती है। लेकिन बाद में शोध से पता चला कि मृत्यु दर माता-पिता के लिए बराबर है।

## नशे के आदी हो जाते हैं

हार्पर ने डॉयचे वेले को बताया, वास्तव में हमें इस बात की उम्मीद नहीं थी। हालांकि, डेटा समय से पहले मौत के कारणों पर कोई रोशनी नहीं डालता है।

# डिप्रेशन में दौरों का खतरा


अमूमन दौरा पड़ना कोई नई बात नहीं है। यह किसी को भी पड़ने लगता है। लेकिन एक शोध में सामने आया है कि उन महिलाओं में दौरों का खतरा अधिक होता है जो डिप्रेशन से पीड़ित होती हैं।

**अमेरिका** में हुए एक नए शोध के अनुसार अवसाद ग्रस्त महिलाओं को दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के शोधपत्र 'स्ट्रोक' में प्रकाशित हुए इस नए शोध में इस बारे में जानकारी दी गई है। इस शोध के लिए 54 से 79 वर्ष की 80 हजार महिलाओं को चुना गया था। शोधकर्ताओं ने बताया कि अवसादग्रस्त महिलाएं अपने स्वास्थ्य पर ठीक तरह से ध्यान नहीं दे पाती हैं, जो आगे चलकर विभिन्न किस्म के दौरों में बदल सकता है। इस शोध में पाया गया कि अवसादग्रस्त महिलाएं अधिकतर अकेली रहती हैं, उन्हें धूम्रपान की लत होती है और उन्हें रक्तचाप, दिल की बीमारियां एवं मधुमेह की समस्या भी रहती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक एंटी डिप्रेसेंट दवाओं के सेवन से अवसाद कम होता है और इससे दौरा पड़ने का खतरा भी कम हो जाता है।

## खुद पर ध्यान न देना

शोधकर्ताओं ने बताया कि अवसादग्रस्त महिलाएं अच्छी तरह से जीवन यापन नहीं कर रही होती हैं और हाईपरटेंशन एवं मधुमेह जैसी समस्याओं की तरफ भी ठीक से ध्यान नहीं दे पातीं, जो उन्हें दौरा पड़ने के खतरे में इजाफा कर देता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि अवसाद और दौरे के संबंध को अधिक बेहतर तरीके से समझने के लिए अभी भविष्य में अधिक व्यापक शोधों की आवश्यकता होगी, इसलिए इसे अभी से ही दौरों की एक प्रमुख वजह नहीं समझना चाहिए, बल्कि इसे दौरा पड़ने का एक सहायक कारण करार दिया जा सकता है।






# अल्जाइमर से रहें सावधान

अगर आप अल्जाइमर की बीमारी से पीड़ित हैं तो तत्काल डॉक्टर से परामर्श लें। थोड़ी सी लापरवाही आपके लिए कभी भी खतरनाक साबित हो सकती है।

**लंदन** के किंग्स कॉलेज से प्रकाशित नई रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में डिमेन्शिया और अल्जाइमर के पीड़ितों में बड़ी तादाद उनकी है, जिनका इलाज नहीं हो पाता है। लंदन से विश्व अल्जाइमर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।



## सही समय पर कराएं इलाज


सही समय पर इलाज करवाने से खर्च करीब साढ़े सात हजार यूरो प्रति मरीज कम हो सकता है, क्योंकि एक बार अल्जाइमर से पीड़ित होने पर मरीजों को खास आश्रमों या अस्पतालों में रखना पड़ता है, जहां उनकी 24 घंटे देखभाल की जाती है।

## 2050 तक साढ़े ग्यारह करोड़

जानकारों का मानना है कि दुनिया में अल्जाइमर से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। 2050 तक साढ़े ग्यारह करोड़ लोगों के अल्जाइमर से पीड़ित होने की आशंका है। 2010 में इस बीमारी के लिए 70 करोड़ यूरो खर्च किए गए। सितंबर 2011 विश्व अल्जाइमर महीने के तौर यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा है।

## व्यतीत करें बेहतर जीवन

समय पर डॉक्टरी इलाज से मरीज की स्वतंत्रता और जीवन स्तर को बेहतर किया जा सकता है। यह रिपोर्ट अल्जाइमर डीजीज इंटरनेशल ने तैयार की है। लंदन के किंग्स कॉलेज के प्रोफेसर मार्टिन प्रिंस के नेतृत्व में टीम ने यह शोध किया। प्रिंस कहते हैं, दुनिया भर में डिमेन्शिया के इलाज की कमी कैसे पूरी जाए यह अभी पता नहीं लेकिन साफ यह है कि हर देश में डिमेन्शिया से बचने के लिए एक नीति बनाई जानी चाहिए। जो इस बीमारी के समय पर पता लगाने और इसके सस्ते इलाज को सुनिश्चित कर सके।





## दो करोड़ 70 लाख रोगी

दुनियाभर में अल्जाइमर के बारे में विश्व रिपोर्ट के मुताबिक दो करोड़ 70 लाख लोग अज्ञात अल्जाइमर से पीड़ित हैं। इसके साथ ही भूलने की बीमारी से पीड़ित तीन करोड़ 60 लाख लोगों में अभी इस बीमारी का पता नहीं लग सका है। लंदन के किंग्स कॉलेज में यह रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक अक्सर इस बीमारी का पता इसलिए नहीं लग पाता, क्योंकि डॉक्टरों को लगता है कि भूलना (डिमेन्शिया) एक सामान्य बीमारी है। चूंकि बीमारी का पता नहीं लग पाता इसलिए दवाइयां और थेरेपी भी नहीं मिल पाती।

## जल्दी इलाज संभव

रिपोर्ट में सलाह दी गई है कि सरकारों को अभी इस बीमारी को रोकने के लिए पैसा खर्च करना चाहिए ताकि आने वाले समय में इन मरीजों के रखरखाव पर होने वाले खर्च को टाला जा सके।

## 50 फीसदी लोग पीड़ित

विकसित देशों में भूलने से जुड़ी बीमारियों से 20 से 50 फीसदी लोग पीड़ित हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि बीमारी का पता चलने की स्थिति में दवाइयां शुरू की जा सकती हैं। जितनी जल्दी इलाज शुरू होगा उतना प्रभावी साबित हो सकता है।



# तमन्ना भाटिया की फिल्म ओडेला 2 को लेकर आया नया अपडेट



तमन्ना भाटिया एक मशहूर भारतीय अभिनेत्री हैं, जो साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर व्यस्त हैं। ये फिल्म एक हाई-वोल्टेज आध्यात्मिक थ्रिलर होने वाली है। फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाएंगी। हाल में ही फिल्म के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी की गई हैं। वर्तमान में फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है। अब इस फिल्म पर नया अपडेट आया है।

## हिंदी में भी डब होगी तमन्ना की ओडेला 2

123 तेलुगु डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म को लेकर आए एक नवीनतम अपडेट के अनुसार ओडेला 2 को हिंदी में भी डब किया जाएगा। फिलम को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। तमन्ना भाटिया एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनके फैंस पूरे देश भर में हैं और वो लगातार साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी नजर आती रही हैं। इस वजह से उनके हिंदी फैंस के लिए ये खबर काफी उत्साह बढ़ाने वाली है। ओडेला 2 की शुरुआत हिंदी बेल्ट में पूरी तरह से तमन्ना के स्टारडम पर निर्भर करेगी।

## कंतारा फेम अजनीश लोकनाथ दे रहे हैं संगीत

तमन्ना भाटिया की इस फिल्म से अभिनेत्री के फैंस को काफी उम्मीदें हैं। हाल में ही फिल्म के सेट से अभिनेत्री ने अपनी तस्वीर साझा की थी, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया था। फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, लोकप्रिय चरित्र कलाकार मुरली शर्मा, केजीएफ फेम वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण लोकप्रिय निर्देशक संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। कंतारा फेम अजनीश लोकनाथ फिल्म में संगीत दे रहे हैं।

## स्त्री 2 और वेदा में भी आ चुकी हैं नजर

तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, स्त्री 2 में अपने शानदार स्पेशल डांस नंबर आज की रात से काफी वाहवाही बटोरी है। इस गाने में अपने डांस और भाव से अभिनेत्री ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इस फिल्म में वह एक कैमियो करती नजर आई, जिसमें उनके किरदार का नाम शमा रखा गया था। स्त्री 2 की बात करें, तो ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है।


# वेट्टैयन के फिसड्डी साबित होने पर घाटे की भरपाई करेंगे रजनीकांत?

रजनीकांत की नवीनतम रिलीज वेट्टैयन बॉक्स ऑफिस की उम्मीदों से मेल खाने में विफल रही है। दिलचस्प स्टार कास्ट के साथ रजनीकांत और अमिताभ बच्चन को एक साथ लाने के बावजूद फिल्म अपने पहले सप्ताह के अंत में दुनिया भर में केवल 207 करोड़ रुपये ही जुटा सकी। अब, ऐसी खबरें सामने आई हैं कि फिल्म के पीछे के प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस ने नुकसान की भरपाई के लिए सुपरस्टार से संपर्क किया है। हालांकि, इस पर आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लाइका प्रोडक्शन ने वेट्टैयन के वित्तीय झटके की भरपाई करने के लिए रजनीकांत से उनके लिए एक और फिल्म करने के लिए कहा है। अभिनेता से अगले सहयोग के लिए अपना वेतन कम

कथित तौर पर यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि प्रोडक्शन हाउस की रजनीकांत के साथ आखिरी रिलीज फिल्में 2.0, लाल सलाम और दरबार भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। वेट्टैयन के साथ, निर्माताओं को मुआवजे की उम्मीद थी लेकिन नवीनतम रिलीज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। आगामी सहयोग के बारे में विवरण गुप्त रखा गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा निर्देशित वेट्टैयन में रजनीकांत ने एक बार फिर एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई। इससे पहले, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, फिल्म निर्माता ने फिल्म का प्रीक्वल बनाने के अपने इरादे पर विचार किया था। इस बात पर जोर देते हुए कि वह प्रीक्वल के माध्यम से फिल्म में रजनीकांत के किरदार अथियान के चरित्र का पता लगाना चाहते हैं। ग्नानवेल ने साझा किया कि वह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बनने की अपनी यात्रा दिखाना चाहते हैं। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत 1991 की फिल्म हम के वर्षों बाद वेट्टैयन के साथ बड़े पर्दे पर साथ आए हैं। इस पुनर्मिलन ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया था। हालांकि, वेट्टैयन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में इसका कोई फायदा नहीं हुआ। इस जोड़ी और फहद फासिल के अलावा, फिल्म में राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह और दुशारा विजयन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# पुष्पा 2 द रूल में होगा धमाल, अल्लू के साथ श्रद्धा कपूर को होगा आइटम सॉन्ग?



पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म साल 2021 में आई पुष्पा द राइज का दूसरा भाग है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। पुष्पा 1 में सामंथा रुथ प्रभु का बेहद ही शानदार और सिजलिंग आइटम सॉन्ग ऊ अंटावा था, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। लेकिन क्या आपको यह पता है कि पुष्पा 2 द रूल में कौन सी अभिनेत्री अल्लू के साथ जबर्दस्त ठुमके लगाती नजर आएंगी।

2021 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा द राइज का दूसरा भाग पुष्पा 2 द रूल की रिलीज का हर एक अल्लू अर्जुन का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पुष्पा 2 इस साल की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में पिछली फिल्म की तरह ही एक सिजलिंग और हॉट आइटम सॉन्ग होने की बात काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है, लेकिन क्या आपको यह पता है कि इस बार पुष्पा 2 द रूल में अल्लू के साथ कौन सी अभिनेत्री अपना जलवा बिखेरेगी। आइए बताते हैं।

अल्लू के साथ श्रद्धा कपूर को होगा आइटम सॉन्ग?

पुष्पा 2- द रूल इस साल की सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। अल्लू अर्जुन अभिनीत इस फिल्म के बारे में कई जानकारियां सामने आती रहती हैं। अब सोशल मीडिया पर यह जानकारी सामने आई है कि फिल्म के निर्माता-निर्देशक ने अल्लू अर्जुन के साथ एक खास गाने में धमाल मचाने के लिए श्रद्धा कपूर को फाइनल कर लिया है। श्रद्धा से पहले कई अभिनेत्रियों के नामों पर विचार किया जा चुका है, लेकिन आखिर में स्त्री 2 फेम अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के नाम को फाइल कर लिया गया है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।


साल 2021 में आई अल्लू और रश्मिका की फिल्म पुष्पा द राइज में ऊ अंटावा सॉन्ग ने सभी का खूब मनोरंजन किया था। इस गाने में साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ अल्लू के डांस मूव्स ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इस गाना उस समय नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा था। अब मेकर्स पुष्पा 2 में भी एक जबर्दस्त आइटम सॉन्ग लेकर आएंगे। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2, 6 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अल्लू के अलावा रश्मिका मंदाना इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं, जबकि फहाद फासिल खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। माइथ्री मूवी मेकर्स की इस फिल्म को लेकर अल्लू और रश्मिका के प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म में देवी श्री प्रसाद का संगीत है।

# सूर्या की अगली फिल्म को निर्देशित करेंगे आर.जे.बालाजी, सोशल ड्रामा में होगा एक्शन का तड़का




सूर्या अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस रहे हैं, जिसका नाम अस्थायी रूप से सूर्या 45 रखा गया है, जिसे आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित किया जाएगा। प्रोडक्शन टीम ने आधिकारिक तौर पर इस प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए खुलासा किया कि संगीत एआर रहमान द्वारा रचित किया जाएगा। सूर्या ने फिल्म की घोषणा पोस्टर को कैप्शन के साथ साझा किया रोमांचित! जबकि आरजे बालाजी ने खबर साझा करते हुए लिखा, हम आप सभी से एक ब्लॉकबस्टर मनोरंजक फिल्म का वादा करते हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर है, जो गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। जारी किए गए पोस्टर में तिलक के साथ लंबी दरांती और बीच में एक वेल (भाला) दिखाया गया है, जो एक गहन कहानी की ओर इशारा करता है। सूर्या 45 सूर्या और एआर रहमान के बीच चौथा सहयोग भी है। इससे पहले वे आयुथा एज़ुथु सिल्लुनु ओरु काधल और 24 जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि रहमान का संगीत इस नए प्रोजेक्ट को कैसे आगे बढ़ाएगा। सूर्या 45 से पहले सूर्या शिवा द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म कंगुवा में नजर आएंगे। यह फिल्म एक फंतासी-एक्शन एडवेंचर है जिसमें बॉबी देओल और दिशा पटानी हैं जो तमिल में अपना डेब्यू कर रहे हैं। सहायक कलाकारों में जगपति बाबू, नटराजन सुब्रमण्यम, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले और कोवई सरला शामिल हैं। 14 नवंबर 2024 को रिलीज होने वाली कंगुवा भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है। फिल्म में सूर्या दो अलग-अलग भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जो कई अलग-अलग समय पर आधारित होंगे। निर्देशक ने बताया कि फिल्म ऐतिहासिक रोमांचकारी तत्वों पर केंद्रित होगी।

# बेटे अरहान के डेब्यू में अभी वक्त है



अरबाज खान ने हाल ही में बेटे अरहान खान के बॉलीवुड डेब्यू पर बात की। उन्होंने कहा कि अरहान को फिल्मों में आने के लिए अभी कुछ साल लग सकते हैं। वह अभी काफी युवा हैं और खुद पर काम कर रहे हैं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत के दौरान अरबाज खान ने कहा, 'उम्मीद है कि एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने के लिए अरहान को अभी एक से दो साल तक का समय और लग सकता है। मुझे यकीन है कि वह पहले एक एक्टर के रूप में सामने आएगा, फिर वह किसी और काम को करेगा। उसके लिए एक्टिंग ही पहली प्राथमिकता होगी।' अरहान के साथ दोस्ती जैसा रिश्ता- मलाइका अरोड़ा बता दें, एक इंटरव्यू के दौरान मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान संग अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, मैं सख्त होने के साथ ही सपोर्टिव मां भी हूं। अरहान जानता है कि वो किसी भी बात के लिए मेरी मदद ले सकता है। हालांकि, मुझे ये भी लगता है कि आज के टाइम में बच्चों के साथ दोस्ती बनाना काफी जरूरी है। लेकिन उससे भी ज्यादा ये जरूरी है कि आप अपने माता-पिता के रोल को गंभीरता से निभाएं। इसके अलावा अरहान खान के टॉक शो डंब बिरयानी में मलाइका ने बेटे अरहान और पिता अरबाज की आदतों के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा, अरहान की कुछ आदतें अरबाज जैसी हैं, जैसे कान और सिर खुजलाना। इसके साथ ही अरहान अपने पिता अरबाज जैसी साफ और पाक सोच भी रखता है।



# रिलेशनशिप स्टेटस पर आदित्य रॉय कपूर ने तोड़ी चुप्पी

आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे का रिलेशनशिप लोगों के बीच खूब चर्चा का विषय रहा। अनन्या से ब्रेकअप के बाद पहली बाद आदित्य ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात की। उन्होंने कहा 'मैं इस समय पूरी तरह से चिल हूं।'करीना कपूर के चैट शो 'व्हाट वीमेन वांट' में इस बार गेस्ट के तौर पर आदित्य रॉय कपूर नजर आएंगे। इसका प्रोमो वीडियो सामने आया है, जिसमें करीना आदित्य से उनकी तीन पसंदीदा खूबियों पूछती नजर आईं। इसपर आदित्य ने कहा, 'मैं बहुत हैंडसम हूं, मैं आकर्षक हूं।' करीना आगे कहती हैं कि बहुत वीमेन आपके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में जानना चाहती हैं। इसका जवाब देते हुए आदित्य ने कहा, क्या चिल करना भी कोई स्टेटस है? मैं चिलर हूं।' आदित्य रॉय कपूर ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा, फिल्म आशिकी ने मेरे फिल्मी करियर की दिशा ही बदल दी। ऐसा नहीं है कि मैं उस रोल से इसलिए जुड़ा क्योंकि वह एक शराबी था।' करीना ने आदित्य से पूछा कि वह रिश्ते में घोस्टिंग (बिना कुछ बताए संपर्क खत्म करना) से कैसे निपटते हैं। आदित्य ने कहा, मैं ज्यादा फोन यूज नहीं करता। मुझे कोई सौ मैसेज भेजे तो मैं इग्नोर करके ब्लॉक कर दूं।'

## पार्टनर को 50 से 75 बार कॉल करती हूं



अनन्या पांडे ने हाल ही में शो नो फिल्टर नेहा पर बताया था, अगर मेरे पार्टनर ने फोन नहीं उठाया, तो मैं 50 से 75 बार कॉल करती हूं। मैं ऐसी व्यक्ति हूं, जिसे एक मिनट में समस्या का समाधान चाहिए होता है। मुझे लोगों को स्पेस देना पसंद नहीं है। यह अच्छी आदत नहीं है।'

## मार्च में हुआ था ब्रेकअप

आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे ने लगभग दो सालों तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों को कई बार साथ समय बिताते स्पॉट किया गया था। हालांकि, ये रिश्ता भी लंबा नहीं चला और मार्च में उनका ब्रेकअप हो गया था।

# टीवी शो के अलावा भोजपुरी गाने में भी काम कर चुकी हैं अपर्णा दीक्षित

टीवी एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित अपने धारावाहिक शो के कारण प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अपर्णा अपना जन्मदिन मना रही हैं। अपर्णा को अम्बिका, देविका देओल जैसे किरदारों के कारण काफी प्रशंसकों के बीच चर्चा में रही हैं। कलश एक विश्वास, बेपनाह प्यार, प्यार की लुका छुपी, तुलसी हमारी बड़ी सयानी, मेरी आशिकी तुमसे ही, महाभारत जैसे धारावाहिकों में नजर आईं। टीवी शो के अलावा अपर्णा को भोजपुरी गाने दिलदारा में भी देखा गया था। इस गाने में अपर्णा ने विशाल सिंह के साथ अभिनय किया था।



# वायनाड से प्रियंका गांधी रिकार्ड मतों से जीतेंगी: अभिषेक जैन

**नोएडा (चेतना मंच)।** कांग्रेस हाईकमान द्वारा पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी



वाड्रा को केरल के वायनाड से लोकसभा का प्रत्याशी बनाने से देश भर के युवा कार्यकर्ताओं में नये जोश का संचार हुआ है। यह कहना है कांग्रेस पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अभिषेक जैन का।

अभिषेक जैन ने कहा कि हाईकमान के इस फैसले से सभी कांग्रेस कार्यकर्ता काफी खुश हैं। इसके लिए कांग्रेस हाईकमान का हम तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

श्री जैन ने कहा कि इस फैसले से अब महाराष्ट्र तथा झारखंड के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के वोट बैंक में काफी वृद्धि होगी तथा पार्टी का युवा मतदाता इन दोनों

**हाईकमान के फैसले से कार्यकर्ताओं में जोश**

राज्यों में कांग्रेस को भारी बहुमत से जीत दिलाने की ठान चुका है। आगामी दिनों में अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों में इसका लाभ पार्टी को मिलना बिल्कुल तय है। उन्होंने कहा कि वायनाड से श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ऐतिहासिक बहुमत से लोकसभा की सीट जीतेंगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष-2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद देश के हर राज्य में कांग्रेस का जनाधार काफी तेजी से बढ़ा है। इससे तय है कि अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ही देश की सत्ता पर काबिज होगी।

# 24वें कैप्टेन शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

**नोएडा (चेतना मंच)।** 24वें कैप्टेन शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाईनल




मैच में पायनियर क्रिकेट क्लब ने एस्टर क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से पटखनी देकर टूर्नामेंट का कप और रू31000/- कैश प्राइज़ जीता।

पायनियर की ओर से गेंदबाज़ कार्तिक सिद्धू ने 16 रन देकर 3 विकेट तथा धर्मेंद्र ने 26 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए। इस तरह एस्टर क्रिकेट अकादमी टूर्नामेंट की उपविजेता रही जिसे रू21000/- कैश प्राइज़ से पुरस्कृत किया। रू11000/- कैश से पुरस्कृत टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इस बार भी धर्मेंद्र शर्मा रहे जिन्होंने 'बुतालिया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार लगातार तीसरे वर्ष जीता है।

सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ का खिताब और रू 5100-5100 द्वारा धर्मेंद्र शर्मा और बल्लेबाज़ का अर्नव एस बुग्गा एवं सर्वाधिक छक्के लगाने वाले प्रयांशु राठी को रू1100/- से पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ महेश शर्मा ने कैप्टेन शशिकांत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

इस मौके पर अमर शहीद कैप्टेन शशिकांत शर्मा के मात-पिता सुदेश शर्मा, फ़्ला0लेफ़्टी0 जे0पी0 शर्मा व उनके भाई डॉ नरेश शर्मा तथा उनकी पत्नी डॉ संगीता शर्मा मौजूद थे। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कैप्टेन शशिकांत शर्मा के सभी परिजन के अतिरिक्त विशेष रूप से सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, नवरतन संस्था के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोशिएशन के उपाध्यक्ष के0एल0 तेजवानी, कोच सुभाष शर्मा, अतुल गौड़, आर0 के0 शर्मा, एम0एल0 शर्मा, सुरेश शर्मा, विनोद शर्मा, अरविंद उत्तम, आज़ाद सिंह, जे0के0 चौहान, पारुल भारद्वाज, संस्कृति भारद्वाज, शुभम, अमन, देवऋषि, विक्रांत, शिव तिवारी, सुदेश चौधरी, अश्वनी शर्मा, नितिन भसीन आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मैच की कमेंट्री सुमित मिश्रा द्वारी की गई।

# युवा पर्यटन क्लब के छात्राओं को हरी झंडी देकर किया रवाना

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप




पर्यटन विभाग द्वारा जनपद के युवा छात्रों में पर्यटन को लेकर जागरूकता उत्पन्न करने एवं जनपद के पर्यटन स्थलों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विश्व पर्यटन दिवस-2024 के उपलक्ष में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 नोएडा के युवा पर्यटन क्लब के छात्र-छात्राओं को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर स्थानीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

पर्यटन अधिकारी गौतमबुद्ध नगर सुरेश रावत ने बताया कि युवा पर्यटन क्लब के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वेटलैंड सूरजपुर एवं वेदवन पार्क सेक्टर-78 नोएडा का स्थलीय भ्रमण कराया गया और उनको अपने जनपद के पर्यटन स्थलों के विषय में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 नोएडा की प्रधानाचार्य डॉक्टर रितु सिंह तथा अन्य आधिकारिक उपस्थित रहे।

# पिंक बूथ महिलाओं की सुरक्षा करेंगे सुदृढ: लक्ष्मी सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने कहा है



कि महिलाओं की सुरक्षा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। महिलाओं को सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा महिलाओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के थानों में पिंक बूथ खोले जा रहे हैं जिनके माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा सुदृढ़ की जाएगी।

महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0 के तहत गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने नोएडा के थाना फेस-वन और थाना सेक्टर- 58 क्षेत्र में दो महिला पिंक बूथ का उद्घाटन किया।

इन बूथों पर महिला पुलिस कर्मी ही तैनात होगीं। जिससे शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं को अपनी परेशानी बताने में किसी प्रकार की हिचक महसूस ना हो। यह पिंक बूथ ऐसे स्थानों पर बनाये गये है जहां पर महिलाओं की आवाजाही अधिक होती है। प्रत्येक थाने पर महिला शिकायतकर्ता या पीड़िता की सहायता के लिए महिला हेल्प डेस्क संचालित हैं। वहीं पुलिस पिंक बूथ विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा एवं उन्हें सशक्त करने के लिए बनाये गये है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस पिंक बूथ के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर महिलाएं अपनी समस्या निसंकोच आकर बता सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला पिंक बूथ की सहायता से महिलाओं की हर तरह की मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिंक बूथ के माध्यम से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिदिन सभी थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सोसायटियों, स्कूलों, कंपनियों, मैट्रो स्टेशन, बस स्टैण्ड व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं को आत्मसुरक्षा व साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण अभियान, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के संबंध में शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति फेस-5.0, शुभ मंगल योजना, साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान की जाती है।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून व व्यवस्था शिव हरी मीना, डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह, डीसीपी महिला सुरक्षा सुनिति, एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र, एसीपी द्वितीय नोएडा शैव्या गोयल, एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# 'उद्यमियों को फैक्ट्री के ऊपर आवास बनाने की मिले इजाजत'

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने उद्यमियों को आरक्षित श्रेणी के आवासीय भूखंड आवंटित किए जाने की स्कीम को पिछले काफी समय से बंद कर दिया है। अब नोएडा के उद्यमियों की संस्थान नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से मांग की है कि उद्यमियों को अपनी फैक्ट्री के ऊपर मकान बनाने की इजाजत दी जाए।



नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन मंडल ने इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम को एक पत्र लिखा है। पत्र उन्होंने कहा है कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा पिछले कुछ वर्षों से आरक्षित आवासीय भूखंड दिए जाने की योजना समाप्त कर दी गई है। जिस कारण उद्यमियों को पड़ोसी राज्यों में अपना घर बनाना पड़ता है। उन्होंने पत्र में कहा है कि औद्योगिक सेक्टर में सड़कों के दोनों ओर ठेली-पटरी बाजार आदि अतिक्रमण कर लिया गया है जो निरंतर बढ़ता जा रहा है। जिस कारण उद्यमियों को अपने आवास से अपनी फैक्ट्री तक पहुंचने में काफी समय लगता है। जाम के कारण ईंधन की खपत भी ज्यादा होती है।

एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने सीओ से मांग की है कि जिन उद्यमियों को आरक्षित आवासीय भूखंड योजना के तहत भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उन्हें उनकी फैक्ट्री के ऊपरी तल पर आवास बनाने की अनुमति दी जाए ताकि वह अपने परिवार के साथ में रह सके। इससे सड़कों पर निकलने वाले वाहनों में भी कमी आएगी और जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।




# गंदगी मिलने पर तीन रेस्तरां पर 7 लाख रुपये का जुर्माना

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन



(एमएसडब्ल्यू) नियम-2016 का उल्लंघन करने वाले शहर के नामी तीन संस्थानों पर 7 लाख रुपए का आर्थिक दण्ड लगाया गया है।

महाप्रबन्धक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एमएसडब्ल्यू नियम 2016 का उल्लंघन करते पाये जाने पर सेक्टर-96 स्थित स्काईमार्क वन पर 5 लाख रुपए का आर्थिक दण्ड लगाया गया। इसी प्रकार सेक्टर-104 स्थित कैफे दिल्ली हाइट्स और थियोस फूड प्रा. लिमिटेड पर एक-एक लाख रुपए का आर्थिक दण्ड अधिरोपित किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जन स्वास्थ्य विभाग-प्रथम एवं एनजीओ टीम द्वारा सभी रेस्टोरेन्ट एवं होटल्स को जो अपने परिसर में गीले कूड़े का निस्तारण नहीं कर रहे हैं उनको अंतिम चेतावनी देते हुए कूड़े का निस्तारण करने की व्यवस्था करने के निए 7 दिनों का समय देते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि 7 दिनों के पश्चात ऐसे बल्क जनरेटर्स जो अपने कूड़े का निस्तारण अपने परिसर में नहीं करते है तो डोर टू डोर एजेन्सी द्वारा ऐसे बल्क जनरेटर्स से कूड़ा उठाना बन्द कर दिया जायेगा तथा ऐसे सभी बल्क वेस्ट जनरेटर्स की जांच करते हुए स्पॉट फाईन लगाकर आर्थिक दण्ड वसूलने की कार्यवाही की जायेगी।

# फेज-3 थाना प्रभारी पर दर्ज कराया गया मुकदमा

**नोएडा (चेतना मंच)।** वायरलैस सेट चोरी के मामले में थाना फेज-1 के प्रभारी ने फेज-3 प्रभारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह पूरी कार्रवाई उच्च

**फेस-1 थाना प्रभारी ने अपने थाने में दर्ज कराया केस**

अधिकारियों के निर्देश पर की गई है। थाना फेस-1 के तत्कालीन प्रभारी ध्रुवभूषण दुबे का वायरलैस चोरी हो गया था। वह उसे ढूंढते रहे, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच जून 2024 में ध्रुवभूषण दुबे को थाना सेक्टर-24 प्रभारी नियुक्त किया गया। जबकि उनकी जगह अमित कुमार भड़ाना को थाना फेस-1 का नया प्रभारी नियुक्त किया गया। बताया जा रहा है कि थाना फेस-1 प्रभारी लगातार ध्रुवभूषण को वायरललैस ढूंढकर लाने को कहते रहे। लेकिन वायरलैस नहीं मिला। मौजूदा थाना प्रभारी ने थक हारकर इस पूरे प्रकरण से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद जांच शुरू की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अब थाना फेस-1 प्रभारी अमित कुमार भड़ाना ने थाना फेस-3 प्रभारी ध्रुवभूषण दुबे के खिलाफ अपने थाने में केस दर्ज कराया है।

सूत्रों से पता चला है कि यह घटना मई 2024 की है। इस घटना को पहले छुपाने की कोशिश की गई। लेकिन मामला दब नहीं पाया। जून 2024 में नए थाना प्रभारी अमित कुमार भड़ाना को इस मामले से अवगत कराया गया। वायरलैस चोरी के मामले में करीब पांच महीने बाद केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना फेस-1 प्रभारी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है।

इस पूरे मामले को लेकर थाना फेस-3 प्रभारी को कई बार फोन किया गया। उनसे बात करने का हरसंभव प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।




# सुरक्षा को लेकर पुलिस अफसरों संग आरडब्लूए की बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** सुरक्षा तथा अपराध से जुड़ी समस्याओं के लिए सेक्टर-11



आरडब्लूए के सामुदायिक भवन में डीडीआरडब्लूए के साथ पुलिस अफसरों की बैठक हुई। जिसमें डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह, चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार चौबे, एसीपी ट्रैफिक हेमंत कुमार, थानाध्यक्ष-24 अरविंद कुमार, थानाअध्यक्ष अमित कुमार की मौजूदगी में नोएडा शहर की सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रणाली, साइबर क्राइम, ट्रैफिक की समस्या और फायर की समस्या के विषय में शहर की विभिन्न आरडब्लूए के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान शहर के निवासियों और विभिन्न आरडब्लूए के अध्यक्ष महासचिव द्वारा अपने-अपने सेक्टरों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करवाया।

समस्याओं के समाधान में डीसीपी नोएडा राम बदन द्वारा सभी से कहा गया कि वह अपने मुख्य गेट पर रात्रि में सिक्योरिटी गार्ड को एक रजिस्टर रखें और रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस गस्त करते समय पुलिस आपके सिक्योरिटी गार्ड को चेक करेगी और रजिस्टर पर साइन करके जाएगी

डीडी आरडब्ल्यू अध्यक्ष एनपी सिंह, संरक्षक सुशील अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष अनिल खन्ना, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, सेक्टर-11 अध्यक्ष अनुज गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश कृष्णा, प्रमोद वर्मा, सेक्टर-12 से अध्यक्ष पुनीत शुक्ला, सेक्टर-56 अध्यक्ष संजय मावी, सेक्टर-71 अध्यक्ष सुनील वाधवा, सेक्टर-22 विजय सिंह, पी के सिंह, श्रीमती कुम्मु जोशी, बालेश मित्तल, एस पी चमोली, सुधीर चौधरी, सेक्टर 34, दिनेश भाटी, 52 से ओपी यादव, एमएसएमई से सचिन राणा, ललित चौहान और भारी संख्या में सेक्टर-11 के निवासी मौजूद रहे।